



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 125 | ग्वालियर मंगलवार, 21 फरवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## एक नजर

### मुंद्रा पोर्ट पर बरामद 3000 किलो हेरोइन मामले में एनआईए ने दाखिल की चार्जशीट




एनआईए ने सोमवार (20 फरवरी) को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर करीब 3000 किलोग्राम हेरोइन की जब्ती से संबंधित मामले में दूसरी सप्लीमेंट्री चार्ज शीट दायर की है. एनआईए ने कहा कि ये खेप अफगानिस्तान से बंदर अब्बास, ईरान के माध्यम से भेजी गई थी. एनआईए ने कहा कि ये पाया गया कि अफगानिस्तान से भारत में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मार्गों के माध्यम से हेरोइन की अवैध खेप की तस्करी के लिए एक संगठित आपराधिक साजिश है. जांच के अनुसार, हेरोइन की बिक्री से मिलने वाला धन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के गुर्गों को आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए प्रदान किया गया था. एजेंसी ने कहा कि व्हाइट क्लब (पहले प्लेबॉय के नाम से जाना जाता था), जज़्बा और आरएसवीपी सहित दिल्ली में लोकप्रिय नाइट क्लबों के मालिक हरप्रीत सिंह उर्फ कबीर तलवार, जिसे पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था, वो भारत में अफगान हेरोइन की तस्करी के लिए कमर्शियल ट्रेड रूट का गलत इस्तेमाल करने के लिए दुबई गया था. एजेंसी ने कहा है कि वो तस्करी के लिए अपनी कंपनियों का उपयोग कर रहा था. एनआईए ने सोमवार को अहमदाबाद की एक विशेष अदालत के समक्ष पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर स्थित ऑपरेटिव मोहम्मद इकबाल अवान, दुबई स्थित वित्येश कोसर उर्फ राजू दुबई और तलवार सहित 22 व्यक्तियों और कंपनियों के खिलाफ अपना आरोप पत्र दायर किया. एनआईए ने इस मामले में पिछले साल 14 मार्च को 16 व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था. इसके बाद 29 अगस्त 2022 को 9 नौ आरोपियों के खिलाफ पहली सप्लीमेंट्री चार्ज शीट दायक की थी. 13 सितंबर, 2021 को मुंद्रा बंदरगाह पर 2,988 किलोग्राम अफगान हेरोइन की खेप जब्त की गई थी.

### सियासी झटका झेल रहे उद्धव ठाकरे



वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने सोमवार को कहा कि उनका संगठन 2024 में सभी चुनाव उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना धड़े के साथ गठबंधन में लड़ेगा. महाराष्ट्र में 2024 में विधानसभा चुनाव होने हैं. बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) सहित विभिन्न नगर निकायों के चुनाव भी लंबे समय से लंबित हैं. शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और प्रकाश आंबेडकर की वीबीए ने 23 जनवरी को गठबंधन की घोषणा की थी. आंबेडकर ने तब कहा था कि गठबंधन फिलहाल शिवसेना (यूबीटी) और वीबीए के बीच है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि महाविकास आघाड़ी (कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) के अन्य घटक भी इसमें शामिल होंगे. निर्वाचन आयोग ने उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका देते हुए शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले समूह को शिवसेना नाम और उसके चुनाव चिह्न धनुष और बाण आवंटित कर दिया था. चुनाव आयोग ने ठाकरे गुट को राज्य में हो रहे विधानसभा उपचुनावों के पूरा होने तक शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नाम और पिछले साल अक्टूबर में एक अंतरिम आदेश में आवंटित मशाल चुनाव चिह्न को रखने की अनुमति दी. प्रकाश आंबेडकर ने सोमवार को यहां संवाददाताओं के एक सवाल के जवाब में कहा कि शिवसेना (यूबीटी) और वीबीए के बीच दोस्ती 2024 के विधानसभा चुनावों में बनी रहेगी और बीच में जो भी चुनाव होंगे, चुनावी गठबंधन बना रहेगा. वीबीए के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने यह भी कहा कि पुणे में चिंचवड विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए वीबीए-शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है. उन्होंने कहा कि इसलिए वीबीए निर्दलीय उम्मीदवार राहुल कलाटे का समर्थन कर रहा है. बता दें कि शिवसेना का चुनाव चिन्ह और नाम शिंदे गुट को आवंटित किए जाने के बाद से राज्य सहित पूरे देश में एक अलग बहस छिड़ गया है. चुनाव आयोग के इस फैसले के बाद शिंदे गुट और उद्धव ठाकरे गुट के बीच बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है.

### हवाई जहाज में बैठने से पहले जान लें कौन सी सीट होती है सबसे सुरक्षित

कई लोग हवाई जहाज में बैठने का सपना देखते हैं, लेकिन वो डरते भी हैं कि अगर प्लेन में कोई दुर्घटना हो गई तो क्या होगा. इसके साथ ही कई लोग ऐसे भी हैं जो महीने में कई बार हवाई जहाज से यात्रा करते हैं. हर तरह के यात्रियों की प्लेन में सीट को लेकर जो सबसे पहली पसंद होती है, वो है विंडो सीट. लेकिन क्या आप अपनी सुरक्षा की चिंता नहीं करते हैं. क्योंकि हमे लगता है कि दोनों तरह के ही लोगों को नहीं पता होती की फ्लाइट में ऐसी कौन सी सीट होती है जो सबसे ज्यादा सुरक्षित होती है. आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि आखिर हवाई जहाज में ऐसी कौन सी सीट होती है जिसे सबसे ज्यादा सुरक्षित माना जाता है. मामले की तह तक जाने से पहले, हम आपको बता दें कि हवाई परिवहन सबसे सुरक्षित परिवहन साधन है. 2022 में, दुनिया भर में कुल सात करोड़ उड़ानें हुई थीं, इनमें केवल 174 मौतें हुई थीं. यूएस नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल द्वारा जनगणना के आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, कार से यात्रा करने वाले 102 यात्रियों में से एक की मौत होती है. जबकि इसकी तुलना में हावई जहाज से यात्रा करने वाले 205,552 में से केवल एक यात्री की मौत होती है. ये आंकड़े बताते हैं कि हवाई जहाज की यात्रा कितनी सेफ है. हालांकि, इसे आप और भी ज्यादा सेफ बना सकते हैं अगर आप अपने लिए अच्छी सीट चुन लें. इस सवाल का जवाब हम कुछ आंकड़ों को देख निकालने की कोशिश करेंगे.

# अमित शाह का वार, 2024 में कांग्रेस दूरबीन से भी नहीं दिखेगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार (20 फरवरी) को नगालैंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मून टाउन में बीजेपी की रैली की. इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि 2024 में कांग्रेस दूरबीन से भी नहीं दिखेगी. उन्होंने कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया. जनसभा को संबोधित करते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा, जब से राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के नेता बने तब से कांग्रेस पार्टी के नेता का स्तर नीचे जा रहा है. प्रधानमंत्री जी के लिए जिस भाषा का प्रयोग हो रहा है, उसकी मैं निंदा करता हूं. आज कांग्रेस के प्रवक्ता ने मोदी जी के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है. राहुल गांधी मोदी के लिए




अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं. 2024 में कांग्रेस पार्टी दूरबीन से भी नहीं दिखेगी. पूरे देश के अंदर कांग्रेस को कहीं सफलता नहीं मिल रही है. बता दें कि सोमवार (20 फरवरी) को ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कथित तौर पर अपमान करते हुए देखे गए. इसी को लेकर अमित शाह ने कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधा. रैली की शुरुआत में गृह मंत्री शाह ने कहा, आज हम पहली बार इस टाउन में आए हैं. आज रात में हम यहीं रहेंगें. उन्होंने कहा, नगालैंड में एनडीए की सरकार बनेगी तो हम आपकी सारी समस्या का समाधान करेंगें. भारत सरकार नगालैंड के साथ है. नगालैंड की समस्या का समाधान बहूत दूर नहीं है. मोदी जी ने इस इलाके में 70 फीसदी समस्या के समाधान को कम किया है. आपके सम्मान के साथ नगालैंड का आगे का समझौता किया जाएगा. हमारा मंत्रालय मोदी जी के नेतृत्व में नगालैंड के लिए अच्छे से काम कर रहा है. नगा समुदाय महिला को सम्मान देता है. मोदी जी ने नार्थ ईस्ट में शांति का काम की है. हमारी सरकार ने बोडो समस्या का समाधान किया, कार्बी एनलोंग समस्या का समाधान किया. हमारी कोशिश है कि जल्द से जल्द नगालैंड समस्या का समाधान होगा. शाह ने कहा कि एडीपीपी-बीजेपी गठबंधन नगालैंड चुनाव के बाद राज्य में सरकार बनाने जा रहा है.

## अब हज पर नहीं जा सकेंगे 12 साल से कम उम्र के बच्चे

**नई दिल्ली।** साल 2023 की हज यात्रा के जरिए मासूम बच्चे अपने अम्मी-अब्बू के साथ अल्लाह पाक के सबसे बड़े घर यानी खाने काबा का दीदार नहीं कर सकेंगे. सऊदी अरब सरकार ने 12 साल से कम उम्र के बच्चों की हज यात्रा पर पाबंदी लगा दी. बताया जा रहा है कि सुरक्षा कारणों से यह फैसला लिया गया है. इसके लिए सरकार ने नई गाइडलाइन जारी की है. इससे पहले जारी गाइडलाइन में उम्र की कोई बंदिश नहीं थी. सऊदी अरब सरकार के फैसले से हज यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे मासूमों के चेहरों पर मायूसी छा गई है.

सरकार हज यात्रा के लिए आवेदन ले रही है. 10 फरवरी से अब तक 12 साल से कम उम्र के कई बच्चों ने आवेदन किया था. अब नई गाइडलाइन आने के बाद उन सभी बच्चों के आवेदन रद्द कर दिए गए हैं, जिनकी उम्र 30 अप्रैल 2023 को 12 साल से कम होगी.



सरकारी आदेश के कारण बच्चे इस्लाम धर्म के पवित्र तीर्थ मक्का-मदीना की हज यात्रा नहीं कर सकेंगे. हज यात्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा किए जा रहे हैं. आगामी 10 मार्च तक आवेदन किए जा सकेंगे. हज पर जाने वाले लोगों को अपने मूल दस्तावेज जमा करवाने होंगे. दस्तावेज जमा होने के बाद ही आजमीन आगे की प्रक्रिया पूरी कर पाएंगे. इसके लिए स्थानीय हज कमेटी आजमीनों के लिए दिशा-निर्देश जारी करेगी. हज का मुकद्दस सफर करीब 30 से 40 दिन का होगा. इसके लिए आवेदन फार्म स्वीकृत हो जाने के बाद पहली किस्त के रूप में 81 हजार 500 रुपये देने होंगे. पहली किस्त मार्च महीने में जमा करवानी होगी. दूसरी किस्त के रूप में 1.70 लाख देने होंगे. तीसरी किस्त मई माह में जमा करवानी होगी. हज इस्लामी तीर्थ यात्रा है. मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए यह पवित्र स्थान है. यहां विश्व के सभी देशों से मुस्लिम कौम के लोग पहुंचते हैं. यह तीर्थयात्रा इस्लामी कैलेंडर के 12वें और अंतिम महीने की 8वीं से 12वीं तारीख तक की जाती है.

## रूस-यूक्रेन युद्ध के एक साल होने से ठीक पहले अचानक कीव पहुंचे बाइडेन



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन सोमवार (20 फरवरी) को यूक्रेन के दौरे पर पहुंचे. उन्होंने यूक्रेन की राजधानी कीव का अचानक दौरा कर सबको चौंका दिया. बाइडेन ने कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की. सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक जो बाइडेन ने कीव के दौरे के दौरान यूक्रेन को 50 करोड़ डॉलर (500 मिलियन डॉलर) की अतिरिक्त सैन्य सहायता देने की घोषणा की है. रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के 1 साल पूरे हो रहे हैं. 24 फरवरी 2022 को रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया था, जिसके बाद से अब तक दोनों के बीच युद्ध जारी है. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध की शुरुआत के बाद से पहली बार कीव की यात्रा की. बाइडेन के इस दौरे से दुनियाभर में खलबली मच गई है. इससे पहले, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने 21 दिसंबर को वाशिंगटन डीसी की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान बाइडेन से मुलाकात की थी, जो फरवरी 2022 के बाद राष्ट्रपति की पहली विदेश यात्रा थी. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का यूक्रेन दौरा काफी अहम माना जा रहा है. अमेरिका लगातार यूक्रेन को आधुनिक हथियारों, मिसाइलों और उपकरणों के जरिए सैन्य मदद पहुंचाता रहा है. जो बाइडन ने कई मौकों पर एलान किया है कि वह यूक्रेन के साथ हर कीमत पर खड़े रहेंगे. फिलहाल बाइडेन के कीव दौरे से यूक्रेन का भरोसा और बढ़ा है. 500 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त सैन्य सहायता के एलान के बाद यूक्रेन को रूस के खिलाफ लड़ने में और मदद मिलेगी. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन पोलैंड जा रहे थे, इस दौरान उनके कार्यक्रम में बड़ा बदलाव किया गया. व्हाइट हाउस की प्रवक्ता काराइन जीन-पियरे के बताया था कि यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के एक साल पूरे होने से पहले बाइडेन 20-22 फरवरी तक पोलैंड की यात्रा करेंगे. जो बाइडेन यूक्रेन के लिए द्विपक्षीय सहयोग और समर्थन पर चर्चा करने के लिए पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा से मिलेंगे.

## स्मृति ईरानी की बेटी शैनेल की शादी में शामिल हुए तमाम सितारे

**नई दिल्ली।** राजस्थान में धूमधाम से हुए शादी के बाद स्मृति ईरानी ने मुंबई में रिसेप्शन रखा था.



शैनेल और अर्जुन भल्ला के रिसेप्शन में शाहरुख खान समेत तमाम बड़ी हस्तियों ने शिरकत की.

स्मृति ईरानी की बेटी शैनेल की शादी में शामिल हुए तमाम सितारे, शाहरुख खान ब्लैक कलर के ब्लेजर में मौनी रॉय और रोनित बोस के साथ स्मृति और उनके परिवार के साथ पोज देते हुए नजर आए. इसके अलावा रवि किशन और स्मृति ईरानी के सास भी कभी बहू थी के को-स्टार रोनित रॉय भी रिसेप्शन में शामिल हुए थे. शैनेल और अर्जुन भल्ला ने 2021 में खिमसर किले में ही सगाई कर ली थी. मौनी रॉय ने भी शादी की तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं. इस रिसेप्शन में एकता कपूर भी अपने पापा जीतेंद्र के साथ पहुंचीं. उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्मृति और उनके बेटे जोहर ईरानी के साथ एक तस्वीर शेयर की और लिखा जब तुम्हारी पसंदीदा बहू अब एक सैसी सास हो गई है.



# कुशवाहा के इस्तीफे के बाद बौखलाई नीतीश की पार्टी

पटना। उपेंद्र कुशवाहा के इस्तीफे के बाद बिहार के सियासी गलियारे में जारी अटकलों का दौर खत्म हो गया वहीं दूसरी ओर इससे नीतीश कुमार की पार्टी में बौखलाहट भी साफ झलकी. कुशवाहा की ओर से सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस्तीफे और नई पार्टी की घोषणा की गई तो तुरंत जेडीयू की ओर से भी प्रतिक्रिया आ गई. राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पलटवार किया. ललन सिंह ने कहा कि दो दिन से सुन रहे थे कि उपेंद्र कुशवाहा मीटिंग कर रहे हैं. जेडीयू के कार्यकर्ता उसमें शामिल होंगे. उनका कुनबा छोटा सा चलता रहा है. वही लोग थे जो कल भी थे और आज भी थे. कुशवाहा की नई पार्टी को लेकर ललन सिंह ने कहा कि हम लोगों की शुभकामना है. पहली बार विधायक बने तो उन्हें नीतीश कुमार ने विरोधी दल का नेता बनाया था. जब वे आए तो नीतीश कुमार ने उन्हें राज्यसभा भेजा. तीन महीने में ही दल विरोधी काम किया और चले गए. प्रेस को संबोधित करते हुए आगे ललन सिंह ने कहा कि फिर वो (उपेंद्र कुशवाहा) पार्टी में आना चाहते थे. जेडीयू का कोई नेता नहीं चाहता था कि वे पार्टी में आएं, लेकिन उसके बाद भी नीतीश कुमार ने पार्टी में शामिल कराया. उपेंद्र कुशवाहा पर कोई भरोसा नहीं करेगा. जहां जा रहे हैं कुछ दिन के बाद देखिएगा क्या होगा.


उपेंद्र कुशवाहा पर हमला करते हुए आगे ललन सिंह ने कहा कि वे दिसंबर से ही लगे थे. रोज दिल्ली जा रहे थे. हर बात की जानकारी हम लोगों थी. कहीं पे निगाहें कहीं पे निशाना था. जेडीयू के 72 लाख सदस्य बनाए गए. कितने सदस्य उन्होंने बनाए। जब वे दिल्ली और पटना की



यात्रा कर रहे थे तो उनके कुनबे के लोग हम लोगों के साथ मिलते रहे हैं. धीरज कुशवाहा सहित कई लोग उनके कुनबे के पार्टी के साथ हैं. पड़ोसी के घर में उत्तराधिकारी के सवाल पर ललन सिंह ने कहा कि वो (उपेंद्र कुशवाहा) पड़ोसी के घर में गए थे. अरवल में क्या करने गए थे। अभी उत्तराधिकारी की बात कहां से आ गई। खुद नीतीश कुमार अभी हैं. पार्टी को तेजस्वी के हाथों गिरवी रखने के सवाल पर ललन सिंह ने कहा कि उस समय तेजस्वी और लालू यादव अच्छे लग रहे थे। जेडीयू का अस्तित्व है और जेडीयू का विलय किसी से नहीं होगा. ललन सिंह ने कहा कि हमने कब कहा कि तेजस्वी यादव 2025 में सीएम के उम्मीदवार होंगे। 2025 में सीएम कौन होगा यह उस समय तय होगा. फिलहाल सीएम नीतीश कुमार हैं. अभी उससे पहले 2024 का चुनाव है.

# मंत्री संदीप सिंह के मुद्दे पर विधानसभा में सीएम खट्टर बोले- इस्तीफा नहीं लेंगे, नहीं लेंगे, नहीं लेंगे

हरियाणा विधानसभा सोमवार को मंत्री संदीप सिंह के मुद्दे पर विपक्षी दल कांग्रेस के हंगामे के बाद विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि यौन शोषण मामले में मंत्री संदीप सिंह पर कार्रवाई की एएसआईटी जांच कर रही है. जांच के परिणाम पर ये निर्भर होगा कि भविष्य में उन पर क्या कार्रवाई की जाए. कांग्रेस के सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए यौन उत्पीड़न के एक मामले में मंत्री संदीप सिंह के इस्तीफे की मांग की, लेकिन हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि उनके मंत्री को इस्तीफा देने के लिए नहीं कहा जाएगा. सीएम उठे और डेस्क थपथपाते हुए कहा, ÷इस्तीफा नहीं लेंगे, नहीं लेंगे, नहीं लेंगे÷ (इस्तीफा नहीं मांगेंगे), जिससे विपक्षी दल ने ÷शर्म करो, शर्म करो÷ के नारे लगाने पड़े. मंत्री संदीप सिंह फिलहाल मुद्रण और स्टेशनरी विभाग का प्रभार संभाल रहे हैं, वह सदन में उपस्थित नहीं थे. जूनियर एथलेटिक्स कोच ने उनके खिलाफ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न का केस दायर किया है.इसी के संदीप सिंह का खेल पोर्टफोलियो छीन लिया गया था. विधानसभा में यह मामला सबसे पहले कांग्रेस की वरिष्ठ नेता गीता भुक्कल ने उठाया, जिसमें



विपक्ष के नेता (एलओपी) भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित पार्टी के अन्य सदस्य शामिल हुए. हुड्डा ने कहा कि या तो सिंह को इस्तीफा दे देना चाहिए या मुख्यमंत्री को उन्हें बर्खास्त कर देना चाहिए, जिसका खट्टर ने विरोध किया, इसी मुद्दे को लेकर सदन में हंगामा हुआ.

कांग्रेस के सदस्यों ने पोस्टर हरियाणा सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए. विधान सभा के स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि आरोप लगाना एक बात है, लेकिन अभी तक मंत्री को दोषी नहीं ठहराया गया है. एसआईटी जांच कर रही है .कई प्राथमिकी दर्ज होती हैं, लेकिन जांच पहले की जाती है. आप (कांग्रेस सदस्यों की ओर इशारा करते हुए) जांच पूरी किए बिना ही उन्हें दोषी घोषित कर रहे हैं. क्या आपको अपने देश के कानून पर भरोसा नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री ने बड़ा दिल दिखाते हुए पहले ही मंत्री का विभाग ( खेल विभाग) वापस ले लिया. जांच चल रही है, जांच पूरी होने दीजिए, भविष्य की कार्रवाई जांच के परिणाम पर निर्भर करेगी. हालांकि, कांग्रेस ने बीजेपी-जेजेपी सरकार के खिलाफ अपना प्रदर्शन जारी रखा. गीता भुक्कल ने कहा कि एक तरफ हरियाणा सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कह रही है, दूसरी तरफ उनके मंत्री यौन उत्पीड़न मामले में संलिप्त पाए गए हैं. हुड्डा ने सच्चाई का पता लगाने के लिए सीबीआई जांच की मांग की है.

# अबैध शराब माफिया के विरूद्ध थाना बामोर पुलिस की कार्यवाही

पत्रकार राकेश परिहार पिछोर




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में श्रीमान एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में अबैध शराब माफिया के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये, इसी क्रम में आज दिनांक 19.02.2023 को थाना प्रभारी बामौरकलां उनि. पुनीत वाजपेई के नेतृत्व में सउनि0 प्रताप सिंह गुर्जर, प्रआर0 15 रघुवीर सिंह पाल, प्रआर. 705 राजेश कुमार, आर0 598 अर्जुन जाट द्वारा कार्यवाही करते हुये मुखबिर की सूचना पर से ग्राम पिपरा में आरोपी धीरेन्द्र परमार पुत्र इन्द्रपाल सिंह परमार निवासी पिपरा के घर से हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब दो प्ड़लास्टिक की कट्टीयों में करीब 70 लीटर कीमती 7000 रूपये की जप्त की गई है। एवं मौके पर से 2 ड्रम गुड लाहन नष्ड़ट किया व मौके पर भट्टी नष्ट की गई जिसकी कीमत 5000 रूपये होगी। आरोपी धीरेन्द्र परमार निवासी पिपरा के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बामौरकलां उनि. पुनीत वाजपेई, सउनि. प्रताप सिंह गुर्जर, प्रआर. 15 रघुवीर सिंह पाल, प्रआर0 705 राजेश कुमार, आर0 598 अर्जुन जाट के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

# एम ए इंगलिश के 102 बच्चों का साल अधर में, लगा रहे कॉलेज के चक्कर

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- शिवपुरी के साइंस कॉलेज मैं एम ए के छात्रों के अपने एनवोरमेंट नंबर लेने के लिये भटकना पड़ रहा हैं लेकिन उनको अपने इंवॉल्वमेंट नंबर नहीं मिल रहा है कॉलेज प्रबंधन के अनुसार एम. ए.इंग्लिश में 230 बच्चों के फॉर्म भरे हुए थे जिसमें से 128 बच्चों के फॉर्म अपरूप हो गए हैं बाकी बच्चे 102 बच्चे कॉलेज के चक्कर लगा रहे हैं कॉलेज प्रबंधन के अनुसार 15 बच्चो के फॉर्म किसी कारण बस वापस आ गए हैं अब सभी बच्चे जिन का फॉर्म नही भरा हुआ है बो सब कॉलेज के चक्कर लगा रहे है जिनको कॉलेज प्रबंधन यूनिवर्सिटी जाने के लिए बोल रहा हैं कुछ बच्चे जो बाहर से आकर यहा पर अपनी पड़ाई कर रहे हैं उनका कहना हैं कि हम इतनी दूर से आकर यह से फॉर्म भरते है और फिर कॉलेज बाले हमको यूनिवर्सिटी जाने के लिये बोल देते हैं कॉलेज मैं कोई भी व्यक्ति सही जानकारी नही देता हैं कोई ऊपर जाने के लिये बोलता हैं तो कोई बोलता हैं तुमने जिसके पास फॉर्म जमा किया था उनसे जाकर मिलो अब हमारा साल खराब हो रहा हैं इसकी जिम्मेदारी कोई लेने के लिए तैयार नही हैं 102 बच्चो से साथ यही हो रहा है। मीडिया द्वारा पूछा गया तो एक मेडम बोली एच.ओ.डी.सर मीटिंग मैं गए है बो आकर बताएंगे लेकिन जब एच. ओ.डी. साहब को फोन लगाया तो वो बोले मैं शादी मैं हु कल कॉलेज आकर मिलूंगा बात यह हैं कि जब यह लोग मीडिया को सही जानकारी नही दे रहे तो बच्चो की कितना घुमाते होंगे ।




# श्रीकृष्ण का ही अवतार हैं गौरी पुत्र गणेश: आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। ग्राम अहरोरा में वृंदावन गोरेलाल पटेल के निवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिवस मे कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि भारत के कई स्थानो में श्रीगणेश को भगवान श्रीकृष्ण का ही अवतार माना जाता है श्रीकृष्ण महादेव के पुत्र गणेश के रूप में अवतरित हुए यह पौराणिक कथा है ब्रह्मवैवर्त पुराण में आया है कि पुत्र पाने की कामना से व्याकुल मां पार्वती ने भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण किया। तब भगवान श्रीकृष्ण ने बू? ब्राह्मण के वेश में आकर माता पार्वती को बताया कि वह श्रीगणेश के रूप में उनके पुत्र बनकर आएंगे। इसके बाद बहुत ही सुन्दर बालक माँ पार्वतीजी के सामने प्रकट हुआ। उस बालक की सुंदरता से मोहित होकर सभी देवता, ऋषि-मुनि और ब्रह्मा-विष्णु भी वहां आए। शिव भक्त शनिदेव से भी यह सुनकर रहा नहीं गया। वह भी सुंदर शिव पुत्र को देखने की चाहत से वहां आए। किंतु शनिदेव को उनकी पत्नी का शाप था कि वह जिस पर नजर डालेंगे उसका सिर कट जाएगा। इसलिए शनिदेव ने वहां आकर भी बालक पर नजर नहीं डाली।तब माता पार्वती शनि देव के ऐसे व्यवहार से अचंभित हुई और उन्होंने शनिदेव से अपने सुंदर पुत्र को देखने को कहा। शनिदेव ने माता से उस शाप की बात बताई। किंतु पुत्र पाने की खुशी में माता पार्वती ने शनिदेव का कहा नहीं माना और एक बार देखने को कहा।इस पर जैसे ही शनिदेव ने गणेश की ओर देखा तो उनका सिर कटने की घटना हुई यह देखते ही सभी अनिष्ट की आशंका से भयभीत हो गए। इस पर भगवान विष्णु ने जाकर एक हाथी के बच्चे का मस्तक लेकर लाए और उसे श्रीगणेश के मस्तक पर लगा दिया। तब से गणेश गजानन कहलाये।हम में से बहुत से लोग यही जानते हैं कि श्री शास्त्री ने कहा कि राधाजी श्रीकृष्ण की आल्हादिनी शक्ति थीं गर्ग संहिता में यह वर्णन है कि राधा-कृष्ण का विवाह हुआ था। एक बार नन्द बाबा कृष्ण जी को गोद में लिए हुए गाएं चरा रहे थे। गाएं चराते-चराते वे वन में काफी आगे निकल आए। अचानक बादल गरजने लगे और आंधी चलने लगी। नन्द बाबा ने देखा कि सुन्दर वस्त्र आभूषणों से सजी राधा जी प्रकट हुई। नन्द बाबा ने राधा जी को प्रणाम किया और कहा कि वे जानते हैं कि उनकी गोद मे साक्षात श्रीहरि हैं और उन्हें शिवजी जी ने यह रहस्य बता दिया था। नन्द बाबा भगवान कृष्ण को राधाजी को सौंप कर चले गए। तब भगवान कृष्ण युवा रूप में आ गए। वहां एक विवाह मण्डप बना और विवाह की सारी सामग्री सुसज्जित रूप में वहां थी।भगवान कृष्ण राधाजी के साथ उस मण्डप में सुंदर सिंहासन पर विराजमान हुए। तभी वहां ब्रम्हा जी प्रकट हुए और भगवान कृष्ण का गुणगान करने के बाद कहा कि वे ही उन दोनों का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराएंगे। ब्रम्हा जी ने वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ विवाह कराया और दक्षिणा में भगवान से उनके चरणों की भंक्ति मांगी। विवाह संपन्न कराने के बाद ब्रम्हा जी लौट गए अचानक भगवान कृष्ण फिर से शिशु रूप में आ गए। राधाजी जानती थीं कि श्री हरि भगवान की लीलाएं अद्भुत हैं। वे शिशु रूपधारी श्री कृष्ण को लेकर माता यशोदा के पास गई और कहा कि रास्ते में नन्द बाबा ने उन्हें बालक कृष्ण को उन्हें देने को कहा था।





# क्लस्टर प्रदर्शनों से होगा उन्नत प्रजाति एवं नवीन तकनीक का क्षेत्र में प्रसार: डॉ. हाडा

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी। राजमाता विजयाराजे कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के निदेशालय विस्तार सेवाएं से आये डॉ.नीरज हाडा (कृषि वैज्ञानिक) एवं कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी से वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.एम.के.भार्गव, डॉ.एस.एस.कुशवाह, वैज्ञानिक डॉ.जे.सी.गुप्ता प्रभारी अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन दलहन एवं वैज्ञानिक डॉ.ए.एल.बसेड़िया, प्रभारी अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन तिलहन द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा चयनित कलस्टरों के ग्राम किरौली, रातौर, पिपरसमां आदि में सरसों प्रजाति डीआरएमआर-गिरिराज का निरीक्षण एवं आकलन किया, जो किसानों के खेत पर बहुत अच्छी परिणाम आ रहे हैं। किसानों से चर्चा करने के दौरान किसानों ने कहा कि यह प्रजाति देखने में तो अच्छी है ही, साथ ही इसमें माहू कम आया है या नहीं के बराबर आया है। इसी क्रम में मसूर के खेतों का भी निरीक्षण कर किसानों से चर्चा की। जिसमें रातौर के किसान राजवीर जाटव एवं पिपरसमां के किसान अशोक धाकड़ से चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि मसूर की प्रजाति-आईपीएल 316 बहुत बेहतर प्रदर्शन कर रही है और इसमें किसी प्रकार के रोग, कीड़ें नहीं दिखाई दे रहे हैं। इसमें 3 से 4 क्विंटल प्रति बीघे के मान से उपज निकलने की संभावना है और आगे इस प्रजाति के बीज को मंडी में न बेचने की बात कही है और भविष्य में शिवपुरी जिले के आस-पास के किसानों को उक्त बीज को बेच कर इस प्रजाति को और आगे बड़ाने की बात कही गई। क्लस्टर प्रदर्शनों का उद्देश्य भी यही है कि उन्नत प्रजाति से जिले में बीज प्रतिस्थापन दर बड़े तथा उन्नत तकनीक से कृषकों को लाभकारी परिणाम भी प्राप्त हो।

# विधायक ने दी ग्रामीणों को शासन कि योजनाओं की जानकारियां

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। जबेरा विधानसभा में चल रही विकास यात्रा में जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी सुबह से रात तक प्रतिदिन निर्धारित समय पर ग्राम पंचायत पहुंच कर जनता के बीच में रहते हैं। इसी क्रम में महुआ खेड़ा, हरदुआ सुमेर सिंह, चोपड़ा, पटी महाराज सिंह मौसीपुरा, कलुआ, हिनौती ठेंगापटी, पहुंचकर सर्वप्रथम कन्याओं का चरण वंदन कर वृक्षारोपण किया एवं ग्राम के बड़े बुजुर्गों को शाल-श्रीफल देकर सम्मान किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए सभी ग्रामीणजनों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी और योजनाओं का लाभ लेने के लिये आग्रह किया। साथ ही पंचायत स्तर के अधिकारियों को प्रत्येक ग्रामीणों तक लाभ पहुचानें के लिये निर्देशित किया। इस दौरान जनता ने तालियां बजाकर विधायक लोधी का अभिवादन किया। इस दौरान विधायक ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन हितेषी योजनाओं को जनता के बीच विस्तृत रूप से रखी एवं जनता की समस्याओं को सुन साथ चले रहे अधिकारियों को यथासंभव निराकरण के निर्देश दिए।



**विकास यात्रा के 14 वें दिन 1359 लाख के कार्यो का भूमि पूजन और लोकार्पण हुआ**-जिले में आयोजित विकास यात्रा के दौरान जहां एक ओर हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किए जा रहे हैं, वहीं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण की सौगात भी दी जा रही है। कल 14 वें दिन 19 फरवरी को 116 कार्यों का लोकार्पण किया गया, जिसकी लागत 668 लाख रूपये है, इसी प्रकार 101 कार्यों का भूमि पूजन किया गया जिसकी लागत 691लाख रुपये है। इस प्रकार 1359 लाख के कार्यो का भूमि पूजन और लोकार्पण हुआ।विकास यात्रा के दौरान विधानसभा जबेरा, पथरिया, दमोह और हटा के विकास और निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण शामिल हैं।

# शिव गुरु चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा लगाया गया केम्प

पुष्पांजली टुडे



**बिहार।** शिव गुरु चेरिटेबल ट्रस्ट (शिव गुरु आई हॉस्पिटल जिसके सचिव डॉ संजीत कुमार और फंडिंग सदस्य बबिता देवी है सभी का उद्देश्य का है। फ्री ईलाज और सुविधा दे और ज्यादा से ज्यादा गरीब लोगो का ईलाज करे। पूरे बिहार में कैंपिंग कर रहे है जिसमे जॉच निशुल्क की जा सके

आज सभी ने ग्राम-नबीहता,पोस्ट-कैलगढ, थाना-बड़हरिया,जिला-सिवान में बबिता देवी के नेत्रुयुक्त में किया गया जिसमे सामिल डॉ . रघुनाथ सिंह /डॉ संभू सिंह/डॉ . मिजीबुल /सतेंद्र सिंह /विपिन सर/आजाद अंसारी (वार्ड पार्षद) भुटेली साह (मुखिया ) संजीत कुमार सिंह/उषा देवी सामिल थी जिसमे मरीज का 100 से जायदा जनसंख्या में ईलाज कराया गया ।।

# भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित होना चाहिए :संत रामस्वरूपचार्य

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** कादमगिरी पीठ चित्रकूट धाम के राष्टीय संत स्वामी श्री रामस्वरूपाचार्य जी अभी श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर भिण्ड के पास पीडब्ल्यूडी मैदान में दिव्य श्री रामकथा कर रहे हैं।स्वामी जी ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि संत महात्माओं को राजनीति में नहीं आना चाहिए बल्कि राजनीति में मार्गदर्शक बनकर सही मार्गदर्शन करना चाहिए।संत जी ने कहा कि युवा पीढ़ी हमारी धरोहर है इसे संभाल कर रखना चाहिए।स्वामी जी ने कहा कि किसी भी देश और समाज की तरक्की के लिए हर व्यक्ति को धर्म के अनुसार आचरण करना चाहिए, स्वामी जी ने कहा कि भगवान श्री राम जी हमारे आराध्य है कुछ लोग अज्ञानवश रामचरितमानस के बिषय में गलत टीका टिप्पणी कर रहे हैं यह गलत बात है।स्वामी जी ने कहा कि श्रीरामचरितमानस हमारे जीवन जीने के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण ग्रन्थ है इसका अपमान कोई भी भारतीय सहन नहीं कर सकता।स्वामी जी ने कहा कि श्रीरामचरितमानस को अपने जीवन में उतारना चाहिए। भारत को हिंदू राष्ट घोषित करने की श्री बागेश्वर महाराज की मुहिम का राष्टीय संत कथावाचक पं. रामस्वरूपाचार्य जी महाराज ने किया समर्थन।



# नेत्रहीन एवं विकलांग व्यक्ति का सहारा बना पुलिसकर्मी

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। देव श्री जागेश्वर नाथ बांदकपुर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर लाखों कि संख्या में भक्त भोलेनाथ के दरवार पहुंचे तो वही एक ऐसा भोलेनाथ का भक्त जिसे ना तो आँखों से दिखाई देता हैं और ना सही ढंग से वह चल पाता हैं, इस दौरान पुलिस ड्यूटी पर तैनात आरक्षक दीपेश शुक्ला कि नजर उस व्यक्ति पर पडी तो वह स्वयं उस व्यक्ति को लेकर गर्भ गृह पहुंचें जहाँ उन्होंने भोलेनाथ के दर्शन कराये एवं उस व्यक्ति को उसके यथा स्थान पहुंचाया। पुलिस द्वारा निशक्तजनो कि मदद के लिए हमेशा ही कई तरह के प्रयास किये जाते रहे हैं।आरक्षक दीपेश शुक्ला द्वारा किये गए इस नेक कार्य के लिए सभी ने उनकी तारीफ की एवं भविष्य में ऐसे ही अच्छे कामों कि उम्मीद की हैं ।

# भाजपा मंडल गोहरापदर में प्रारंभ हुई जनआक्रोश पदयात्रा, जब गाँव गाँव पहुँचे भाजपाई तो उमड़ा जनसैलाब, ग्रामीणों ने किया स्वागत

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गोहरापदर भारतीय जनता पार्टी मंडल गोहरापदर द्वारा प्रदेश संगठन के आवाह्न पर दो दिवसीय जनआक्रोश पदयात्रा मोर आवास मोर अधिकार के विषय को लेकर निकाली गई.जिसका शुभारंभ छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर खरिपथरा से भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी,किसान मोर्चा ज़िला उपाध्यक्ष निर्भयसिंह ठाकुर एवं मंडल महामंत्री तानसिंह माँझी ने किया। भाजपा मंडल गोहरापदर द्वारा दो दिवसीय पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिवस खरिपथरा से मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी के नेतृत्व में निकली पदयात्रा खरिपथरा से होते हुए दाबरीगुड़ा,प दमपुर, कुहीमाल, सोरीपारा पहुँची जहाँ जगह जगह जनता ने भाजपा नेताओ का स्वागत किया।सभी भाजपा नेता जनता से रूबरू हुए,मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम की जानकारी दी.पहले दिन की पदयात्रा का ग्राम मुड़गेलमाल में समापन हुआ।

मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने बताया की केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता को 11 लाख प्रधानमंत्री आवास आबंटित किया गया था जिसे भूपेश बघेल ने राज्यांश को ना देकर पूरे आवास को वापस कर दिया जिस वजह से आज प्रदेश की जनता अपने आवास के लिए तरस रही हैं.इस लिए भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार हम सभी भाजपा कार्यकर्ता आज से दो दिवसीय



पदयात्रा निकाल रहे है।प्रदेश की जनता वाक़िफ़ है की भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छवि को धूमिल करने के लिए प्रदेश सरकार ने यह जनविरोधी तरीक़ा अपनाया और देश की विकास में बाधा लाया,जब हम यात्रा में गॉव गॉव पहुँच रहे हैं तब जनता में प्रदेश सरकार के ख़िलाफ़ आक्रोश देखने को मिल रहा हैं.जो बता रहा है की जनता सरकार बदलने को तैयार हैं। पदयात्रा के दौरान सभी गाँवों में नुक्कड़ सभाएँ हुई जिसमें पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह माँझी,अजजा मोर्चा प्रदेशकार्यसमिति सदस्य हलमनसिंह ध्रुवा, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बोधनराम नायक,ज़िला महामंत्री पुनीतराम सिन्हा,भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप, मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष निर्भय सिंह ठाकुर, महामंत्री तानसिंह माँझी ने भी सम्बोधित किया। पदयात्रा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजय दुबे, खगेश्वर नायक, सोभित ध्रुवा, महेन्द्र सोमवंशी, लम्बोदर साहू, अशोक नागेश, राजेन्द्र यादव, लक्ष्मण यादव, सबरसिंह नागेश, डोमारसिंह कश्यप, खुदेश्वर यादव, दुबेराम ध्रुवा,पदमन नागेश, विनिता यादव, मनोहर ताम्रकार, डोमारसिंह पाथर, देवीसिंह नेताम,चंपालाल ध्रुव, हेमनाथ यादव, पुरितराम ध्रुवा, केशरी सिंह नागेश,रु पाधर ध्रुवा, कुमार सिंह पाथर, रघुनाथ यादव, गणेश नागेश, देवीसिंह नागेश, हेमराज मांझी, शुकदेव सोरी, गोपीराम नाग, दीपक मिश्रा, भिखोराम यादव, मिश्रीलाल यादव, गणेश यादव, उरमल ओंटी, मनबोध मांझी, सोबनराम नेताम, मंजित मांझी, छबिलाल नागेश, उग्रसेन बघेल सहित सैकड़ो भाजपाई सम्मिलित हुए।

# नवनिर्वाचित सदस्यों से एक साथ रहने कि अपील की

## शुभम सोनी(विक्की) युवा स्वर्णकार समाज प्रदेश प्रभारी

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह।युवा स्वर्णकार समाज के प्रदेश प्रभारी शुभम सोनी ने कहा कि इस सामाजिक संगठन के चुनावी मैदान में उतरे सभी पदों के सभी प्रत्याशियों एवं मतदान में हिस्सा लेने वाले सभी सदस्यों को मेरा आभार और सभी विजयी प्रत्याशियों को बहुत बहुत बधाई स्वीकार करें,आशा है कि आप सभी लोग अब आपसी और चुनावी प्रतिद्वंदिता को भुला कर



नए सिरे से आपस में प्रेम से रहते हुए एक दूसरे का सम्मान करते हुए सामाजिक क्षेत्र मैं दिल से सेवा करते हुए समाज के सभी लोगों की प्रगति और उत्थान की दिशा में सार्थक प्रयास अवश्य करेंगे एवं सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों से भी अनुरोध है कि समिति के सभी विवादों को आपस में मिल बैठकर उसका उचित हल निकालने की भी पुरजोर कोशिश करें।क्योंकि समाज गंगा एक घर परिवार की ही तरह से होता हैं।

# रामकथा हर वर्ष हो ऐसा प्रयास करें: अजय टंडन



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। श्रीराम कथा आयोजन समिति द्वारा नरसिंहगढ़ के श्रीराम मंदिर में चल रही संगीतमयी रामकथा का सोमवार को समापन हुआ। यह रामकथा विगत पंद्रह वर्षो से प्रतिवर्ष आयोजित की जाती थी। रामकथा सुंदरकांड से प्रारंभ होकर लंका कांड पर समाप्त हुई। कथा व्यास पं.नीलमणी दीक्षित ने श्रद्धालुओ को कथा श्रवण कराते हुए कि जायवंत जी की सलाह पर प्रभु श्रीराम ने अंगद को दूत बनाकर लंका भेजा कि वह मान जायें सीता जी को वापिस करदे किंतु रावण अपने अहंकार के मद में इतना भूला था कि उसने अंगद ने कहा कि तू बाली पुत्र होकर उन तपस्वियों से मिल गया धिक्कार है तुझ पर तू कर दे उन तपस्वियों से कि रावण का न भी सिर झुका है न झुकेगा। कथा के पूर्व कथा संयोजक विधायक अजय टंडन ने पं.नीलमणी दीक्षित, पं. रामचंद्र, पं.नरेन्द्र अरजरिया।

# कांग्रेस के राज में प्रदेश में महिला आपराध चरम पर: विभा अवस्थी

## 4 साल में हत्या एवं छेड़छाड़ की घटनाओं ने प्रदेश में बनाया भय का वातावरण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी ने कहा कि पिछले सवा चार साल के कांग्रेस के राज में हर तरफ अपराध बड़ा है। कांग्रेस राज में पिछले सवा चार साल में छत्तीसगड़ पूरे देश में अपराध के मामलों की वजह से शर्मसार हो रहा है। प्रदेश में महिला अपराध की घटनाओं ने तो महिलाओं के मन में ऐसा डर बना दिया है कि उन्हें अब घर से निकलने में भी डर लगता है। उन्होंने कहा कि अगर फरवरी माह की घटनाओं पर नजर डाले तो प्रदेश में गुड़ियारी क्षेत्र में एक महिला की घर घुसकर हत्या कर दी जाती है तो वहीं 16 फरवरी को भिलाई में सात साल की बच्ची के साथ दुराचार का मामला सामने आता है। 17 फरवरी को भिलाई में एक मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ की घटना घटित होती है। 18 फरवरी को




आरंग थाना क्षेत्र में किशोरी के साथ दुष्कर्म की नाकाम कोशिश के बाद उसकी हत्या कर दी जाती है। 19 फरवरी को राजधानी रायपुर में गुड़ियारी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग के घर घुसकर उसके ऊपर चापड़ से हमला कर उसे घायल करने के बाद उसके बाल पकड़कर उसे सड़क पर घुमाया गया। नाबालिग की हालत गंभीर है एवं 19 फरवरी को आरंग थाना क्षेत्र में एक 14 साल की नाबालिग की दुष्कर्म कर उसकी बेहरमी से हत्या कर दी गई।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी ने कहा कि यह आंकड़ें ही बता रहें है कि प्रदेश में महिला सुरक्षा के नाम पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार क्या रही है। दूसरे प्रदेश की घटना पर कांग्रेस की राष्टीय नेताओं की नजर है, परन्तु छत्तीसगड़ में लगातार बड़ती घटनाओं की ओर उनका जरा भी ध्यान नही जाता। क्योंकि छत्तीसगड़ में कांग्रेस की ही सरकार है। उन्होंने कहा प्रदेश में लगातार बड़ते अपराध की घटनाओं ने महिलाओं के मन में प्रदेश सरकार के प्रति आक्रोश पैदा कर दिया है। प्रदेश में बड़त महिला अपराध का एक बड़ा कारण नशा भी है, जिसे प्रदेश की कांग्रेस ने चुनावी जनघोषणा पत्र में प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी का वादा करके महिलाओं का बहुमूल्य वोट पाया था। आज तक कांग्रेस सरकार ने शराबबंदी करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के राज में अपराध एवं महिला अपराध की घटनाओं ने प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। जिसका आने वाले समय में जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी।

# छत्रपति शिवाजी के जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। छत्रपति शिवाजी मंच के द्वारा हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी हिंदू हृदय सम्राट छत्रपति शिवाजी के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।जिसमें बडी संख्या में युवक युवतियाँ हाथों में झंडा लेकर जय भवानी जय शिवाजी के नारों से पूरा शहर गुंजायमान करती नजर आयी तो वही बैंड बाजो और डीजे कि धुन पर शहर के युवा नाचते हुये यात्रा कि शोभा बडा रहे थे शामिल। इस शोभायात्रा का शहर के चौराहो पर जगह जगह स्थानीय लोगों के द्वारा स्वागत किया गया। यह शोभायात्रा शिवाजी स्कूल चौराहे से शुरू होकर शहर के कीर्ति स्तंभ चौराहा,अंबेडकर चौराहा, घंटाघर, बकौली चौराहा, मोहन टॉकीज होते हुयी वापिस शिवाजी स्कूल चौराहा पर पहुंची जहाँ पर यात्रा का समापन हुआ।





# झोपड़ियों में रह रहे कमार जनजाति परिवारों ने मांगा केंद्र सरकार से पक्का घर

## हमारे बच्चों की खुशियां पर ध्यान दें सरकार



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

छुरा। गरियाबंद जिला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम पंचायत पिपरछेडी के कमार पारा जंगलों में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति कमार भुंजिया लोगों की स्थिति आज भी दयनीय है। शिक्षा के अभाव में आज भी विशेष पिछड़ी जनजाति कमार भुंजिया लोग शासन की अनेकों योजनाएं से वंचित है।अधिकारियों द्वारा ऐसे लोगों के बीच पहुंचकर विशेष रूप से योजनाओं की जानकारी नहीं दिया जाता है। अंचल के समाजसेवी इनकी समस्याओं को लगातार शासन प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि यह कार्य शासन प्रशासन का हैं। वहीं समाजसेवियों का कहना है अपनी व्यस्तता भरी दिनचर्या से समय से निकाल कर दुखी पीड़ितों की मदद करने पहुंचते हैं। उसके बाद भी शासन-प्रशासन ऐसे लोगों की मदद नहीं करते। वहीं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी संरक्षक सदस्य व समाजसेवी मनोज पटेल ने केंद्र व राज्य सरकार से समाजसेवियों तथा पीड़ति परिवारों की मदद करने अपील किया। वहीं कमार पारा में श्रीमती सुखबती कमार, नवशीला कमार, संतोषी कमार, अनसूईया कमार, राजंती कमार, सरस्वती, सुमित्रा, रुखमणी, रामचरण कमार, राजू कमार, रामदास, मनीराम, लक्षणु, रामसाय उपस्थित थे।



# खैरझिटी में श्रीराम चरित्र मानस गान सम्मेलन में शामिल हुए इंटक ब्लांक अध्यक्ष व राजीव युवा मितान क्लब अध्यक्ष पुनितराम ठाकुर

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**मुड़ागांव(कोरासी)** विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खैरझिटी में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन शुभ अवसर पर चार दिवसीय श्रीराम चरित्र मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसमें तृतीय दिवस के दिन प्रथम पुष्प के रुप में माधुरी महिला मानस परिवार नहरगांव जिला गरियाबंन्द,राम राम मानस परिवार मड़ेली छुरा जिला गरियाबंन्,का चंदन बंदन एवं बैंच गुलाल लगाकर स्वागत सम्मान किया गया और श्रीराम रामचंद्र जी के छाया चित्र पर पूजा अर्चना किया गया पुनितराम ठाकुर संतराम ठाकुर, लक्ष्मण वर्मा,जीवन पटेल के द्वारा किया गया और विभिन्न प्रान्तों से बहुत ही सुन्दर रस पान कराया गया जिसको सफल बनाने में समस्त ग्रामवासी खैरझिटी बोलबम कांवरिया संघ के सभी सदस्य गण एवं स्वसहायता समूह कि दीदीयों और ग्राम विकास समिति का विशेष सहयोग रहा जिसमें प्रमुख रुप से ग्रामीण जन बाबुलाल ध्रुव,भगवान सिंह ध्रुव, कन्हैया लाल यादव, मनोहर ध्रुव, प्रेमचंन्द यादव, रायसिंह ध्रुव बलीराम ठाकुर,मेघनाथ ध्रुव,खेमराज ध्रुव,कमल ध्रुव,तेजराम यादव,हेमन्त ध्रुव, शिव सेन, तुलसी राम ध्रुव, ओमप्रकाश यादव, एवं कार्यक्रम का मंच संचालन जागेश्वर ध्रुव शिक्षक,बाबुलाल ध्रुव के द्वारा किया गया जिसमें आसपास के ग्रामीण जन भारी जनसंख्या में उपस्थित थे।

# आमात गोड़ समाज का बैठक हुआ सम्पन्न



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद- अखिल भारतीय आमात गोड़ समाज भाठीगढ़ राज का एक दिवसीय वार्षिक बैठक ग्राम कोनारी सर्कल जिड़ार मे किया गया जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया व सामाजिक, आर्थिक ,व शैक्षणिक विषयो पर चर्चा किया जिसे हमारे समाज वृहद रुप से फैला है आज हमारा समाज विकसित हो रहा है समाज का व्यक्ति ईंजरिग , डाक्टर ,मास्टर बन रहे है , लेकिन शिक्षा के साथ साथ हम अपने बच्चों को सामाजिक काम मे जोड़े क्योंकि आज हमारे बच्चे पढ़ाई करने बाहर जा रहे है और कई लोग गलत रास्ते पकड़ लेते है जिन पर नजर रखना चाहिए बैठक मे युवा शक्ति, युवती शक्ति का अच्छा उपस्थिति रहा फिर भी प्रत्येक परिवार से अपने बच्चों को लाते तो और अच्छा हो सकता था , व समाज के रीति नीति को जानते सिखते वैसे तो प्रति घर से एक महिला व एक पुरुष को बैठक मे आना सुनिश्चित किया गया था बैठक मे समाज प्रमुखो द्वारा उत्बोधन,आशिर्वचन दिये व हमारे समाज को एक सुत्र मे रहने समाजिक एकता, अखण्डता बनाने चर्चा किया गया। बैठक मे समाजिक संविधान संशोधन नियमावली का 13 सर्कल के अध्यक्षों को वितरण किया गया वआय व्यय का जानकारी राज कार्यकारिणी सदस्य सचिवों, कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किया गया, बैठक मे सभापति श्री हेमसिह नेगी, उपसभापति श्री कन्हैयालाल ठाकुर, संरक्षक श्री अमृत लाल नागेश, व गुजरात सिह कमलेश अध्यक्ष भाठीगढ़ राज व 13सर्कल के सर्कल अध्यक्षों की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ, बैठक मे मुख्य रूप से श्री टीकमसिंह कपिल,,खेदुराम नेगी,जन्मजय नेताम, विश्राम सिंह नागेश, बुधराम नेताम, लालसिंह नागेश,मकरमसिह नेताम, गौकरण धुर्वा ,केजुराम नागेश सियाराम नागेश, जगतुराम धुर्वा, पवन सिंह दीवान, कर्मचारी प्रकोष्ठ से श्री भुखनसिह नेताम, पवनसिंह नेताम, लखनसिंह मरकाम, युवा प्रभाग श्री सोहन नागेश, श्री ललित मरकाम,श्री मुकेश कपिल व महिला प्रकोष्ट से श्रीमती गीतादेवी ठाकुर,श्रीमती प्रियंका कपिल, विद्या नेताम व विशेष रूप से श्रीमती लोकेश्वरी नेताम अध्यक्ष केन्द्रीय समिति व ज़िलाड़ पंचायत सभापति की उपस्थिति व 13 सर्कल के,ि पतृ शक्ति, मातृ शक्ति, युवा शक्ति, युवती शक्ति एवं समस्त समाजिक पदाधिकारी गणो की उपस्थिति रही बैठक का संचालन श्री सुखराम नागेश महासचिव,श्री रामेश्वर कपिल सचिव,व श्री महेन्द्र फरस सहसचिव द्वारा किया गया।

# अम्बाह रक्षेड बिजली कर्मचारियों ने अबैध बसूली के लिये काटे तार 15 प्रभावित किसानों की फसल चौपट

## रक्षेड जेई की मनमानी से किसान हुए परेशान, फसलों को हो रहा भारी नुकसान...

सुनील तोमर रिपोर्टर अम्बाह



**अम्बाह।** डिबीजन रक्षेड़ के किसान डरू शर्मा का कहना है कि हम समय पर बिजली बिल जमा कर रहै है ऐसे बहुत से किसान है परन्तु दो तीन बर्ष से प्राकृतिक आपदा चम्बल बाढ से भारी नुकसान होने से कुछ पिछले गॉवो के किसानो के बिल में देरी होने कारण पिछले गॉव से दो गाले का तार हिटलर शाही जेई रक्षेड ने कटवाकर फसल सुखाने को 15 गॉवो के किसानो को मजबूर कर दिया है जब कि उन्ही किसानो के तार काटना चाहिये जिन्हौने बिल जमा नही किया है परन्तु कुछ किसोनो से अबैध बसूली न मिलने पर पीछे से दोगाले के तार काट लिये है इसी कारण से फसलें बर्बाद होने लगी है और पीछे गॉव से पलूपुरा, बीचकापुरा, रिठौना, हारकापुरा, तिलोल, भदौरियापुरा, हरिचन्द कापुरा, सभी गॉव लाइट से प्रभाबित है जिसमे लगभग आधा सैकडा कुआ प्रभावित है। किसान राजेन्द्र का कहना है कि जब फसलों को सिंचाई की आवश्यकता है, तब बिजली विभाग अबैध बसूली के लिये पीछे से तार काट लेगये है इससे सिंचाई नहीं हो पा रही है. बैसे भी कुछ गांव में 24 घंटे में महज तीन से चार घंटे ही बिजली मिल रही थी लाइने झूल रही है वो भी दो तार की है रोजाना फॉल्ट व तार टूटना जारी रहता है जिस पर बिजली बिभाग ने आज तक ध्यान नही दिया है। इस मामले में किसानों का कहना है कि पीछे कुछ गॉवो का बिजली का बिल भी जमा होने के बावजूद बिजली नहीं मिल पा रही है. जिसके चलते उनकी फसलें सूख रही है, क्योंकि खेतों में सिंचाई ही नहीं हो पा रही. डीजल खरीद कर जनरेटर की मदद से सिंचाई करने को मजबूर होगे तो हम आगे कैसे बिल जमा कर पायेगे और जिस किसान के पास डीजल खरीदने के पैसे नहीं है वह बिजली आने के इंतजार में बैठा है. वहीं किसान रामदत्त का कहना है कि पूरी फसल पानी के बिना खराब हो चुकी है, जिसकी मेन बजह है हिटलर शाही जेई रक्षेड की अबैध बसूली समय पर लाइट नहीं दैना हम कुछ लोगों ने बिल के पैसे भी पिछ्ली साल के जमा है उसके बाद भी हमें पर्याप्त लाइट नहीं दी जा रही है.

# आखिर ट्राई खामोश क्यों ?

भारत सरकार ने दूरसंचार नियामक आयोग बना रखा है। इस नियामक आयोग की जिम्मेदारी है, कि वह नियामक के रूप में टेलीकॉम कंपनियों और टेलीकॉम उपभोक्ताओं के हितों का ध्यान रखते हुए दोनों पक्षों की बात को सुनकर, नियम कानून लागू करवाएं। पिछले दो दशक से टेलीकॉम ऑपरेटर आम उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी और लूट मचाए हुए हैं। इसके बाद भी नियामक आयोग उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए कभी सामने नहीं आया। पिछले 20 वर्षों में कॉल ड्रॉप की समस्या सर्वाधिक रही। इसके साथ ही इंटरनेट पर फिक्स चार्ज लेकर न्यूनतम बैंडविथ भी उपभोक्ताओं को ना पहले मिली थी, और ना आज मिल रही है। टेलीकॉम कंपनियां बड़े-बड़े दावे करती हैं। दावों के अनुसार दूरसंचार नियामक आयोग से सेवा की दरें तय करा लेती हैं। आम उपभोक्ताओं से सेवाओं के नाम पर टेलीकाम कम्पनियां वसूली करती है। सर्विस देने के मामले में जो वायदे उन्होंने अपनी स्कीम और योजनाओं में कर रखे होते हैं। वह उपभोक्ताओं को कभी नहीं मिलते हैं। उसके बाद भी जजिया कर की तरह टेलीकॉम कंपनियां आम उपभोक्ताओं से हर माह करोड़ों अरबों रुपए की राशि वसूल करती हैं। सेवा देने के मामले में उनके ऊपर कोई जिम्मेदारी नहीं रहती हैं। नाहि उन्हें कभी दण्डित किया जाता है। भारत सरकार ने सभी जगह नियामक आयोग बना रखे हैं, नियामक आयोग के बारे में यह कहा जाता है कि वह एक न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत काम करते हैं। उपभोक्ता बहुत कमजोर होता है। उपभोक्ता के हितों का संरक्षण नियामक आयोग और सरकार को ही करना होता है। पिछले 20 वर्षों में जिस तरीके की लूट टेलीकॉम कंपनियों ने कर रखी है। नियामक आयोग और सरकार की चुप्पी अब उपभोक्ताओं को भी अखरने लगी है। 17 फरवरी को मोबाइल ऑपरेटरों के साथ दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने बैठक हुई है। जिसमें 5त्न की सेवाओं की गुणवत्ता कैसे सुधारी जाए। इस पर सारी टेलीकॉम कंपनियां अपना पक्ष रखा। ट्राई के साथ अभी जो सर्वेक्षण हुआ है, उसमें 16 फ़ीसदी मोबाइल धारकों ने 5त्न की सेवाएं ले ली हैं। वह 5जी सेवा का भुगतान कर रहे है। स्पीड 4जी की भी नहीं मिल रही है। 5जी के उपभोक्ता अभी से कॉल कनेक्शन और ड्रॉप काल की समस्याओं से जूझ रहे हैं। 5त्न इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए कंपनियों को अभी बहुत समय लगेगा। बड़े-बड़े महानगरों में कुछ स्थानों पर जरूर 5जी की सेवा ट्रायल के रुप में शुरू हो गई है। लेकिन उसमें भी दावे के अनुसार सर्विस नहीं मिल पा रही हैं। लेकिन टेलीकाम कम्पनियों ने वसूली, उपभोक्ताओं से 5त्न के नाम पर शुरु कर दी है। 4जी और 5त्न सेवाओं के लिए अभी जो सर्वेक्षण हुआ है। उसमें 69 फ़ीसदी उपभोक्ताओं ने कवरेज नहीं मिलने, कॉल कनेक्शन ड्राप होने तथा इंटरनेट की गति जो दावा किया गया है। उसके मुकाबले बहुत कम मिलने की शिकायतें की गई है। मात्र 5 परसेंट उपभोक्ताओं ने वॉइस कम्युनिकेशन मिलने पर संतुष्टि जताई है। पिछले 20 सालों से टेलीकॉम कंपनियां उपभोक्ताओं को लूट रही हैं। किंतु इसके बाद भी नियामक आयोग ने अपनी भूमिका में उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण करने के बजाय, टेलीकॉम कंपनियों का संरक्षण करने में लगे रहते हैं। आम उपभोक्ताओं को भी नियामक आयोग की भूमिका समझा आने लगी है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जग भी टेलीकाम कम्पनियों की सेवाओं और लूट से परेशान है। किन्तु न्यायालयों ने भी कभी संज्ञान लेकर टेलीकाम कम्पनियों पर लगाम नहीं कसी है। जिससे अब आम लोगों का गुस्सा और मायुसी दिनों दिन बढ़ रही है।

# ये कैसी आध्यात्मिक सेवा ?

**श्रद्धेय आध्यात्मिक बाबाओं द्वारा अपने प्रवचन में, माता-पिता की सेवा सर्वश्रेष्ठ, पर बल देना समय की मांग**

**माता-पिता को बोझ और अनावश्यक श्रेणी में रखकर उनपर शाब्दिक कटु बाण चलाने वाले सफेदपोश लोग पता नहीं कैसे, नामी मंदिरों में तन मन धन से सेवा करते हैं ?**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर हजारों वर्षों पूर्व से ही भारतीय आध्यात्मिकता रही है, जिसका कोई अंत नहीं है, यानें मेरा मानना है कि शायद जबसे सृष्टि की रचना हुई है तबसे भारतीय भूमि पर आध्यात्मिकता को महत्व दिया जाता रहा है, क्योंकि पूर्व से पुर्वनतर वाले इतिहास भी भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिकता का जिक्र जरूर होगा। इसलिए शास्त्रों कतेबों एवं और संस्कृतियों में 'मातृ देवो भव', 'पितृ देवो भव', 'आचार्य देवो भव' की शिक्षा दी जाती है। हमारे घर में भी यही सीख दी जाती थी। माता-पिता और गुरु तथा बड़ों का सम्मान करना हमारी ग्रामीण संस्कृति में अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। परंतु बड़े बुजुर्गों द्वारा कही कहावतें वर्तमान परिपेक्ष में अटूट सटीक सत्य प्रमाणित हो रही है कि, समय का चक्र चलते बदलते रहता है जहां शास्त्रों वेदों कतेबों और भारतीय संस्कृति में माता पिता को सर्वश्रेष्ठ गुरु माना गया है उसके बाद आचार्य को पदवी दी गई है। परंतु वर्तमान बदलते परिपेक्ष में बढ़ते आध्यात्मिक ट्रेंड में हमारे मान्यवर श्रद्धेय बाबाओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी भी आई है, वही मीडिया में आई जानकारी में हम जानते हैं कि कई पर लंबी कार्यवाही भी हुई है खैर हमारा आज का विषयवस्तु यह नहीं है बल्कि हम चर्चा करेंगे कि आज की औलाद अपने माता पिता से अधिक महत्व अपने श्रद्धेय बाबा, गुरु, आचार्य को दे रहे हैं, अपने घर से अधिक आध्यात्मिक स्थल पर सेवा को अधिक महत्व दे रहे हैं, अपने घर परिवार माता-पिता को तरसाकार अपने आध्यात्मिकता पर अधिक व्यय कर रहे हैं और बड़े रौब से कहते हैं, मैं फलाने आध्यात्मिक स्थल का सेवादार, भगवान ईश्वर अल्लाह का भगत हूं बंदा हूं। परंतु मेरा मानना है, ये कैसी आध्यात्मिक सेवा है? जो माता-पिता को बोझ और अनावश्यक श्रेणी में रखकर उनपर शाब्दिक कटु बाणचलाकर अपने आचार्य के सामने, अपने आध्यात्मिक स्थल पर तन-मन-धन से सेवा करते हैं। मेरा मानना है या तो पाप से भी बड़ा पाप है। इसलिए आज ज़रूरत है,हमारे श्रद्धेय आध्यात्मिक बाबाओं द्वारा अपने प्रवचनों में माता-पिता की सेवा सर्वश्रेष्ठ पर, बल देना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम ऐसे लोगों की करें तो जो माता-पिता घरबार को नजरअंदाज करते हुए आध्यात्मिक क्षेत्र में तथाकथित सेवा करने का दिखावा कर रहे हैं तो, पता नही ! वो लोग भगवान ईश्वर अल्लाह को कैसे पूज लेते है जो मां बाप को एक बोझ और अनावश्यक वस्तु की श्रेणी में रखते हैं। मां बाप तो जीवन के अंतिम पड़ाव में केवल सेवा और प्रेम के दो मीठे वचनों को सुनने के लिए तरसते हैं। खैर !वृद्धावस्था का दंश तो सभी को झेलना ही पड़ता है।।

श्री गणेश जी ने स्वयं माता पिता को ब्रह्माण्ड सिद्ध कर देवताओं का सिरमोर बना दिया था। श्रीराम ने माता पिता के वचनों की खातिर वनवास स्वीकार लिया था। पत्थर पूजते है, मंदिर जाते है, पूजा पाठ करवाते है, और वो सारी चीजे करते है जिससे हमें लगता है कि हमारा जीवन धन्य हो जाएगा लेकिन क्या हम जानते है कि ईश्वर अल्लाह हमारे पास हमेशा माता पिता के स्वरूप में होता है, बस ज़रूरी है उन्हें पहचाननें की, अपनी खुशियों का गला घोटकर हमारी सारी ख्वाहिश पुरी करने वाले माता पिता ही थे, जिन्होंने हमें इस समाज में जीने का अधिकार दिलाया।जब वे हमारे लिए इतना कुछ कर सकते है। तो क्या हम नही,मेरा तो ये मानना है, माता पिता के जीते जी उन्हें सारे सुख देना ही वास्तविक श्राद्ध है! हम माँ बाप का सम्मान करें और उन्हें जीते जी खुश रखे। कुछ लोग अपने माता-पिता को एक गिलास पानी भी नहीं दे सकते हैं, किंतु साधु महात्माओं के चरण साफ कर उन्हें क्या हासिल होगा?

साथियों आज अधिकांश परिवारों में वृद्ध माता-पिता के जीवित रहने पर उनकी सेवा और चिकित्सा तो दूर, उनके साथ उपेक्षापूर्ण-पीड़ादायक व्यवहार किया जाता है। इतना ही नहीं, उनकी मृत्यु की प्रतीक्षा की जाती है।यह उपेक्षापूर्ण व निष्ठुरव्यवहार सर्वथा अनुचित है। आज वृद्धाश्रमों की बढ़ती हुई संख्या और तीर्थस्थानों में उम्रदराज भिखारियों को देखकर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि वृद्ध माता-पिता की दशा कितनी दयनीय हो गई है। कितनी लज्जा की बात है कि जिन माता-पिता ने अपनी संतान के लिए अनेक प्रकार के कष्ट सहते हुए उन्हें पढ़ाया, सभी सुविधाएं उपलब्ध कराईं, स्वयं दुख सहते हुए संतान को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयत्न किए, वही संतान जीवन के अंतिम समय में उनको छोड़कर दूर रह रही है। युवा यह नहीं जानते कि एक दिन वे भी असहाय वृद्ध होंगे तब वे भी क्या अपनी संतान से इसी व्यवहार की चाह रखेंगे जैसा कि आज वे स्वयं अपने माता-पिता के साथ कर रहे हैं? साथियों हम पत्थर पूजते है, मंदिर जाते है, पूजा पाठ करवाते है, और वो सारी चीजे करते है जिससे हमें लगता है कि हमारा जीवन धन्य हो जाएगा लेकिन क्या हम जानते है कि ईश्वर अल्लाह हमारे पास हमेशा माता पिता के स्वरूप में होता है, बस जरूरत है उन्हें पहचाननें की। अपनी खुशियों का गला घोटकर हमारी सारी ख्वाहिश पुरी करने वाले माता पिता ही थे, जिन्होंने हमें इस समाज में जीने का अधिकार दिलाया। जब वे हमारे लिए इतना कुछ कर सकते है। तो क्या हम नही?,मेरा तो ये मानना है, माता-पिता के जीते जी उन्हें सारे सुख देना ही वास्तविक श्राद्ध है! आओ माँ बाप का सम्मान करें और उन्हें जीते जी खुश रखे।साथियों बात अगर हम माता पिता ही ईश्वर अल्लाह के तुल्य होने की करें तो, पदम पुराण में कहा गया है कि पिता धर्म है, पिता स्वर्ग है और पिता ही सबसे श्रेष्ठ तपस्या है। पिता के प्रसन्न हो जाने पर सम्पूर्ण देवता प्रसन्न हो जाते हैं। जिसकी सेवा और सद्गुणों से माता-पिता संतुष्ट रहते हैं, उस संतान को प्रतिदिन गंगा-स्नान का फल मिलता है। माता सर्वतीर्थमयी है और पिता सम्पूर्ण देवताओं का स्वरूप है। इसलिए सभी प्रकार सेमाता-पिता का पूजन अर्थात उनकी सेवा करनी चाहिए।वेद शास्त्रोंके अनुसार माता पिता भगवान के तुलाया है उनका सेवा करने का मतलब है ईश्वर अल्लाह की इबादत करना पूजा करना इसी लिए मेरे मत अनुसार माता पिता के सेवा से बढ़ाकर कोई भी पूजा शायद ही हो सकती है।

साथियों बात अगर हम वृद्धजनों के सम्मान व मूल्यों संबंधित धार्मिकता श्लोकों की करें तो, वृद्धजनों की सेवा के संबंध में यह श्लोक महत्वपूर्ण है =

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम्॥

यानें वृद्धजनों को सर्वदा अभिवादन अर्थात सादर प्रणाम, नमस्कार, चरण स्पर्श तथा उनकी नित्य सेवा करने वाले मनुष्य की आयु, विद्या, यश और बल-ये चारों बढ़ते हैं। इस श्लोक का आशय स्पष्ट है कि हमें सदैव अपने माता-पिता, परिवार के ज्येष्ठ सदस्यों एवं आचार्यों की सेवा सुश्रुषा, परिचर्या का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वे सदैव प्रसन्न रहेंगे तभी हमें उनका आशीर्वाद प्राप्त होगा और हम उन्नति कर सकते हैं। माता-पिता और गुरु की सेवा एवं सम्मान करने पर दीर्घायुभव, आयुष्मान भव, खुश रहो आदि आशीर्वाद प्राप्त होते हैं। वृद्धजनों का आशीर्वाद हृदय से मिलता है। धर्मराज युधिष्ठिर ने एक बार भीष्म पितामह से पूछा, धर्म का मार्ग क्या है? भीष्म पितामह ने कहा- समस्त धर्मों से उत्तम फल देने वाली माता-पिता और गुरु की भक्ति है। मैं सब प्रकार की पूजा से इनकी सेवा को बड़ा मानता हूं।

साथियों बात अगर हममाता-पिता की सेवा को प्राथमिकता की करें तो, माता पिता की सेवा को ही प्राथमिकता दे। क्योंकि माता पिता की सेवा से ही ईश्वर अल्लाह स्वतः प्रसन्न हो जाते हैं। माता पिता को ही ईश्वर अल्लाह मानकर उनकी ही सेवा पूजा इबादत करनी चाहिए क्योंकि जिन माता पिता ने आपको जन्म दिया पाला पोसा आपको लायक बनाया संस्कार दिए भला उन माता पिता से बढ़कर कौन हो सकता है। उप्पर वाले के प्रति आस्था श्रद्धा विश्वास रखना पर्याप्त है, बाकी पूजा और सेवा तो माता पिता की करनी चाहिए और उप्पर वाले को धन्यवाद देना चाहिए कि उन्होंने आपको ऐसे माता पिता दिए जो आपसे बेहद प्रेम करते हैं और आपकी हर मनोकामना पूरी करने को सदैव तैयार रहते हैं साथ ही भगवान से यह प्रार्थना करनी चाहिए कि माता पिता का साथ और आशीर्वाद आप पर सदा बना रहे। ईश्वर अल्लाह की पूजा इबादत या माता-पिता की सेवा में क्या जरूरी है, प्राथमिकता किस को दें?यदि ऐसी परिस्थिति हो कि हम एक ही काम कर सकें तो निश्चित रूप से माता-पिता की सेवा को प्राथमिकता देनी चाहिये। पर, एक उक्ति आपने सुनी होगी - तन काम में, मन राम में। प्रभु को याद करते हुए, सुमिरण करते हुए यदि माता-पिता की सेवा करें तो दोनों फल आप एक साथ पा सकते हैं।यदि ऐसी परिस्थिति हो कि हम एक ही काम कर सकें तो निश्चित रूप से माता-पिता की सेवा को प्राथमिकता देनी चाहिये।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगेकि ये कैसी आध्यात्मिक सेवा?श्रद्धेय आध्यात्मिक बाबाओं द्वारा अपने प्रवचनों में माता-पिता की सेवा सर्वश्रेष्ठ, पर बल देना समय की मांग है माता-पिता को बोझ और अनावश्यक श्रेणी में रखकर उन पर शाब्दिक कटु बाण चलाने वाले सफेदपोश लोग पता नहीं कैसे नामी मंदिरों में तन मन धन की सेवा करते हैं?



संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

# जलवायु परिवर्तन तथा ग्लोबल वार्मिंग का दुष्प्रभाव

लवायु परिवर्तन तथा ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव के इस दौर में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा प्रतिदिन पौध-रोपण से देश-विदेश में मध्यप्रदेश का नाम पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध एक ब्राण्ड के रूप में स्थापित हुआ है। देश-विदेश में जब संगोष्ठियों, सेमीनारों और पर्यावरणीय विमर्श में जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों की रोकथाम पर महज अकादमिक चर्चा हो रही है, तब शिवराज सिंह चौहान ने इस संबंध में व्यक्तिगत स्तर पर कर्म करने का प्रण लिया। यह प्रण था प्रतिदिन स्वयं पौधा लगाने का और पौधा लगाने के प्रतिदिन के उपक्रम में लोगों को जोड़ने का। आज से दो साल पहले मुख्यमंत्री श्री चौहान ने माँ नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक में 19 फरवरी 2021 को नर्मदा जयंती के अवसर पर प्रतिदिन पौधा लगाने की जो शुरूआत की उसे वे दो वर्ष बाद भी निरंतर रखे हुए है। सर्दी, गर्मी, बरसात जैसे मौसम के बदलाव हों या स्वयं के स्वास्थ्य की समस्याएँ, या फिर मुख्यमंत्री के दायित्व निर्वहन की व्यस्तताएँ और प्रदेश व प्रदेश के बाहर के प्रवासों की उलझनें, कोई भी स्थिति उन्हें प्रतिदिन पौध-रोपण के अपने प्रण से डिगा नहीं पाईं। श्री चौहान ने इन दो वर्षों के 730 दिनों में लगभग 2200 पौधे लगाए। पौधे लगाने की गतिविधि का विस्तार भोपाल सहित प्रदेश के कई कस्बों और शहरों से लेकर देश के 12 राज्यों तक हुआ। अब स्थिति यह है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ प्रतिदिन कई सामाजिक संगठन और व्यक्ति, स्व-प्रेरणा से पौध-रोपण कर रहे हैं। यही वजह है कि बिन्दु से आरंभ हुआ सामाजिक सरोकार का यह प्रयास सिंधु बनने की ओर निरंतर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान, मुख्यमंत्री होने के साथ-साथ जन-जन के सर्वमान्य नेता, प्रदेश के बच्चों के मामा, बहनों के भाई और प्रदेश के परिवेश में रचे-बसे ?जननायक हैं। प्रदेशवासियों पर उनकी हर अपील का आत्मीय प्रभाव होता है। श्री चौहान ने पौध-रोपण के अपने प्रण से जन-जन को जोड़ने के लिए लोगों को अपने जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों जन्मदिवस, विवाह वर्षगांठ तथा अपने परिजनों की स्मृतियों को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए उनकी पुण्य-तिथि पर पौधे लगाने का आहवान किया है। उनके आहवान के परिणामस्वरूप राजधानी भोपाल सहित पूरे प्रदेश में पौध-रोपण की गतिविधि को विस्तार मिला। देश-दुनिया जब कोरोना से प्रभावित थी तब भी उस काल में कोरोना से बचाव की सावधानियों के साथ पौध-रोपण जारी रहा। कोरोना के नियंत्रण में आने के साथ ही, जनवरी 2022 से श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट सिटी उद्यान में मुख्यमंत्री के साथ अपने जन्मदिवस, विवाह वर्षगांठ या परिजनों की स्मृति में पौधे लगाने के लिए आने वाले लोगों की संख्या बढ़ती चली गई। जनवरी 2022 से अब तक लगभग 1600 से अधिक व्यक्तियों ने उनके साथ पौधे लगाए। इस तरह श्री चौहान का व्यक्तिगत प्रण, समाज का प्रण बन गया।

पर्यावरण संरक्षण के पावन कार्य में जन-



सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एक और नई पहल की है। यह पहल है विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून 2021 से आरंभ किया गया प्रदेशव्यापी अंकुर कार्यक्रम। कार्यक्रम की अनूठी बात यह है कि लोग पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण के महायज्ञ में अपने योगदान को डिजिटल स्वरूप में सुरक्षित रख सकते है। इसके लिए वायुदूत एप पर रजिस्ट्रेशन कराकर स्वयं के द्वारा लगाए गए पौधे की फोटो अपलोड करने की व्यवस्था है। पौधा लगाने के बाद उसकी देख-रेख की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिभागियों के लिए निश्चित समयावधि के बाद पुनः फोटो अपलोड करने के साथ ही चयनित लोगों को प्राण वायु अवार्ड से सम्मानित करने की व्यवस्था भी है।

## राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने भी लगाया भोपाल में पौधा

मुख्यमंत्री श्री चौहान स्वयं के द्वारा किये गये पौध-रोपण से प्रदेशवासियों को भी इस महत्वपूर्ण और मानवसेवी गतिविधि से जोड़ने में सफल हुए हैं। यही नहीं एक राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं प्रतिदिन पौध-रोपण और फिर उसमें जन-सहभागिता से देश-विदेश में मध्यप्रदेश, पर्यावरण-संरक्षण के लिए एक संवदेनशील और प्रतिबद्ध ब्राण्ड के रूप में स्थापित हुआ है। श्री चौहान ने प्रत्येक प्रमुख अवसर पर अपने पौध-रोपण के प्रण को पूरी प्रभावशीलता के साथ प्रकट किया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने स्वयं भोपाल के स्मार्ट सिटी उद्यान में बरगद का पौधा लगाया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री श्री चौहान तथा केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा भी राष्ट्रपति के साथ पौध-रोपण में शामिल हुए और पीपल तथा कचनार के पौधे लगाए। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु द्वारा मध्यप्रदेश की पावन धरती पर पौध-रोपण के लिए उनका आभार मानते हुए मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा था कि ÷इससे हमारे उस अभियान को बल मिला है, जो हर व्यक्ति को महत्वपूर्ण अवसर पर पौधे लगाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।÷

## मुख्यमंत्री के साथ देश-विदेश के लोगों ने किया है पौध-रोपण

हाल ही में मध्यप्रदेश को कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों की मेज़बानी का अवसर प्राप्त हुआ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में जहाँ देश-विदेश के प्रमुख उद्योगपति और निवेशक मध्यप्रदेश में आए, वहीं विदेश मंत्रालय द्वारा इंदौर में आयोजित 17वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन में गुयाना गणराज्य के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफ़ान अली, सूरीनाम गणराज्य के राष्ट्रपति श्री चंद्रिकाप्रसाद संतोखी तथा विश्व के लगभग सभी प्रमुख देशों में फैले प्रवासी भारतीय, मध्यप्रदेश आये। खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 का आयोजन प्रदेश के सात शहरों, जी-20 के कृषि कार्य समूह बैठक का आयोजन इंदौर में और जी-20 के ही थिंक-20 की बैठक भोपाल में हुई। साथ ही भारत सरकार द्वारा वॉटर विज़न समिट और अन्य राष्ट्रीय स्तर की बैठकें प्रदेश में आयोजित की गईं। इन आयोजनों में देश-विदेश से आए प्रतिनिधि मंडलों के सदस्य और गणमान्य नागरिकों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान की पर्यावरण-संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को देखकर स्वयं आगे आते हुए भोपाल और इंदौर में पौध-रोपण में शामिल हुए। परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रतिदिन पौध-रोपण के प्रण की गूँज लोकल से कहीं आगे जाकर ग्लोबल स्तर तक हो रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ हार्ट फुलनेस संस्थान के वैश्विक अध्यक्ष परम पूज्य दाजी श्री कमलेश पटेल, परम पूज्य सदगुरु श्री जग्गी वासुदेव ने भी पौधे लगाए। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण कार्यक्रमों के कार्यकारी निदेशक रहे श्री एरिक सॉल्हिम, साउथ अफ्रीका टूरिज्म की हब प्रमुख सुश्री नेलिस्वा जकाबी, विज्ञापन जगत की जानी-मानी हस्ती पद्मश्री पीयूष पाण्डेय, कश्मीर फाईल्स के निदेशक श्री विवेक अग्निहोत्री, फिल्म अभिनेता श्री अक्षय कुमार सहित खेल, कला-संस्कृति, शिक्षा जगत और राजनैतिक क्षेत्र के लब्ध प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भी मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान से प्रेरणा लेकर प्रदेश में ÷आओ पेड़ लगाएं-हरा भरा मध्यप्रदेश बनाएं तथा ÷एक पेड़-एक जिन्दगी अभियान संचालित किए गए।

## पौध-रोपण में स्थानीय जलवायु और परिवेश के लिए उपयुक्त पौधों को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री श्री चौहान पौध-रोपण में स्थानीय जलवायु और परिवेश के अनुरूप पौधे लगाने को प्राथमिकता देते हैं। उनका मानना है कि पेड़ मनुष्यों को तो जीवन देते ही हैं। पशु-पक्षी, जीव-जंतु, कीट-पतंगों को भी आश्रय और जीवन प्रदान करते हैं। अमरकंटक में 19 फरवरी 2021 को नर्मदा जयंती पर गुल बकावली और साल का पौधा लगाकर आरंभ अपने प्रण की पूर्ति के उपक्रम में श्री चौहान ने पारिजात, सप्तपर्णी, अशोक, कदम्ब, हरसिंगार, बेल पत्र, मौलश्री, शीशम, मुनगा, करंज, गुलमोहर, कचनार, हर्र, मधुकामिनी, अर्जुन, नीम, आंवला, विलायती इमली, हल्दू, नीला गुलमोहर, बॉटल ब्रश, कपूर आदि के पौधे लगाए हैं।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अन्य राज्यों में भी रोपे हैं पौधे

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रवास के दौरान भी पौध-रोपण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश के बाहर प्रवास के दौरान गुजरात के भरूच स्थित मनन आश्रम, तमिलनाडु के गोड़ादेवी मंदिर, हरिद्वार, वाराणसी, शिर्डी, नासिक, चित्राजीयर स्वामी आश्रम हैदराबाद, माँ त्रिपुर सुंदर मंदिर त्रिपुरा, कान्हा शांति वनम, हार्टफुलनेस संस्थान हैदराबाद, माँ अमृतानंदमयी मठ परिसर केरल, पुदुचेरी और चैन्नई सहित अन्य स्थानों में भी पौधे लगाकर प्रतिदिन पौधे लगाने के अपने प्रण को निरंतर रखा है। प्रतिदिन पौधे लगाने का उनका क्रम निरंतर न केवल जारी है बल्कि प्रदेशवासियों को भी अनुप्राणित कर रहा है। भोपाल में श्री चौहान के साथ ही नहीं प्रदेश के अन्य शहरों, नगरों, कस्बों और गाँवों में भी लोग अपने जीवन के विशिष्ट अवसरों और परिजनों की स्मृति में बड़ी संख्या में पौधे लगाकर उनकी देखभाल कर रहे हैं। श्री चौहान का प्रतिदिन पौधा लगाने का उपक्रम और उसमें बढ़ती जन-सहभागिता इस बात का भी प्रतीक है कि एक व्यक्ति का सच्चे मन से किया गया सार्थक प्रयास कैसे सामूहिकता का रूप ले लेता है।

# मैं हूं जगत का केंद्र



शो वाणी से साभार! विवेकानंद अमरीका जाते थे। रामकृष्ण की तो मृत्यु हो गई थी। रामकृष्ण की पत्नी शारदा से वे आज्ञा मांगने गए कि मैं जाता हूं परदेश, खबर ले जाना चाहता हूं धर्म की, सत्य की। मुझे आशीर्वाद दें कि मैं सफल होऊं। शारदा तो ग्रामीण स्त्री थी। वे उससे आशीर्वाद लेने गए। उन्होंने सोचा भी न था कि शारदा आशीर्वाद देने में भी सोच विचार करेगी। उसने विवेकानंद को नीचे से ऊपर तक देखा। वह अपने चौके में खाना बनाती थी। फिर बोली सोच कर बताऊंगी। विवेकानंद ने कहा सिर्फ आशीर्वाद मांगने आया हूं, शुभाशीष चाहता हूं। तुम्हारी मंगलकामना कि मैं जाऊं और सफल होऊं।

उसने फिर उन्हें गौर से देखा और उसने कहा ठीक है। सोच कर कहूंगी। विवेकानंद तो खड़े रह गए अवाक। कभी आशीर्वाद भी किसी ने सोच कर दिए हों और आशीर्वाद सिर्फ मांगते थे शिष्टाचारवश। वह कुछ सोचती रही और फिर उसने कहा विवेकानंद को कि नरेन्द्र, वह जो सामने पड़ी हुई छुरी है, वह उठा लाओ। सामने पड़ी हुई छुरी विवेकानंद उठा लाए और मां शारदा के हाथ में दी। हाथ में देते ही वह हंसी और उसकी हंसी से उन्हें आशीर्वाद बरस गए उनके ऊपर। उसने कहा कि जाओ। जाओ, तुमसे सबका मंगल ही होगा। विवेकानंद कहने लगे कि इस छुरी के उठाने में और तुम्हारे आशीर्वाद देने में कोई संबंध था क्या? मां शारदा ने कहा संबंध था। मैं देखती थी कि छुरी उठा कर तुम किस भांति मुझे देते हो। मूठ तुम पकड़ते हो कि फलक तुम पकड़ते हो। मूठ मेरी तरफ करते हो कि फलक मेरी तरफ करते हो। और आश्चर्य कि विवेकानंद ने फलक अपने हाथ में पकड़ा था छुरी का और मूठ लकड़ी की शारदा की तरफ की थी। आमतौर से शायद ही कोई फलक को पकड़ कर और मूठ दूसरे की तरफ करे। मूठ कोई पकड़ेगा सहज, खुद। शारदा कहने लगी तुम्हारे मन में मैत्री का भाव है, तुम जाओ, तुमसे कल्याण होगा। तुमने फलक अपनी तरफ पकड़ा, मूठ मेरी तरफ। अपने को असुरक्षा में डाला। हाथ में चोट लग सकती है और मेरी सुरक्षा की फिकर की। तुम जाओ, आशीर्वाद मेरे तुम्हारे साथ हैं।

इतनी सी, छोटी सी घटना में मैत्री प्रकट होती है, साकार बनती है। बहुत छोटी सी घटना है! क्या है मूल्य इसका कि क्या पकड़ा आपने, फलक या मूठ? शायद हम सोचते भी नहीं। और सौ में निन्यानबे मौके पर कोई भी मूठ ही पकड़ता है। वह सहज मालूम होता है। अपनी रक्षा सहज मालूम होती है, आत्मरक्षा सहज मालूम होती है। मैत्री आत्मरक्षा से भी ऊपर उठ जाती है। दूसरे की रक्षा, वह जो जीवन है हमारे चारों तरफ, उसकी रक्षा महत्वपूर्ण हो जाती है।

मैत्री का अर्थ है। मुझसे भी ज्यादा मूल्यवान है सब कुछ जो है। वैर का अर्थ है मैं सबसे ज्यादा मूल्यवान हूं। सारा जगत मिट जाए, लेकिन मेरी रक्षा जरूरी है। मैं हूं केंद्र जगत का। वैर भाव का आधार है, मैं हूं केंद्र जगत का। वैर भाव ईगोसेंट्रिक है। वह अहंकेंद्रित है। मैं हूं जगत का केंद्र। सारा जगत चलता है मेरे लिए, सारा जगत मिट जाए, लेकिन मैं बचूं। मैत्री का केंद्र मैं नहीं हूं सर्व है। मैं मिट जाऊं, सब बचे। मैं खो जाऊं, सब रहे। मैत्री है मंगल की कामना, सर्वमंगल की। कामना ही नहीं, सक्रिय जीवन भी। उठूं, बैठूं, चलूं और मेरा उठना, बैठना, चलना, मेरा श्वास लेना भी सर्वमंगल के लिए समर्पित हो जाए; तो मनुष्य परमात्मा के दूसरे द्वार में प्रवेश पाता है।- ओशो

# पुण्यशाली को मिलता है सिद्धों की आराधना का अवसरः स्वस्तिभूषण

## 27 फरवरी से 125 मंडलीय सिद्धचक्र विधान प्रारम्भ

**मुरेना**-जैन परम्परा में सिद्धचक्र महामण्डल विधान का बहुत महत्व है। आगमानुसार इस विधान में अनेकों पूजाएं एवं विधान सम्मिलित होते हैं इसीलिए इसे विधानों का राजा कहा जाता है। इसमें किसी व्यक्ति विशेष की नहीं बल्कि सिद्ध परमेष्ठी की आराधना की जाती है। यह वह अनुष्ठान है जिससे हमारे जीवन के समस्त पाप, ताप व सन्ताप नष्ट हो जाते हैं। सभी ग्रहस्थ प्राणियों को जीवन में एकवार ज्ञात अज्ञात पापों के क्षय हेतु सिद्धचक्र विधान अवश्य करना चाहिए। अत्यंत पुण्य से ही सिद्धों की आराधना का अवसर मिलता है। उक्त उदगार गणिनी आर्यिका श्री स्वस्तिभूषण माताजी ने मुरेना जैन मंदिर में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। संस्कारधानी, धर्मनगरी मुरेना में अष्टाहिन्का पर्व में श्री सिद्धों की आराधना हेतु श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान का 8 दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती ब?ा मन्दिर कमेटी मुरेना के अध्यक्ष महेशचंद बंगाली द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार होली से पूर्व अष्टाहिन्का पर्व में स्वस्तिधाम प्रणेत्री, गुरुमां गणिनी आर्यिका श्री स्वस्तिभूषण माताजी के पावन सान्निध्य एवं निर्देशन में 27 फरवरी से 06 मार्च तक 08 दिवसीय 125 मंडलीय श्री 1008 सिद्धचक्र महामण्डल विधान का आयोजन जैन बगीची मुरेना के जैन विद्यालय प्रांगण में आयोजित होने जा रहा है। परम पूज्य सराकोद्धारक षष्ट पट्टाचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के आशीर्वाद से आयोजित होने जा रहे सिद्धचक्र विधान में सप्तम पट्टाचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज, मुनिश्री ज्ञातसागर जी महाराज, गणिनी आर्यिका श्री लक्ष्मीभूषण माताजी, गणिनी आर्यिका अंतसमति माताजी सहित अन्य साधु-साध्वियों का पावन सान्निध्य रहेगा। विधान की समस्त धार्मिक क्रियाएं प्रतिष्ठाचार्य पंडित संकेत जैन ÷विवेक÷ देवेंद्रनगर (पन्ना) सम्पन्न कराएंगे। मन्दिर कमेटी के मंत्री धर्मेंद्र जैन एडवोकेट के अनुसार इस आयोजन हेतु सकल जैन पंचायत में सर्वसम्मति से पदमचंद जैन (चैटा बाले) को मुख्य संयोजक बनाया गया है। सौधर्म इंद्र इंद्राणी बनने का सौभाग्य अनिल जैन श्रीमती सुलोचना जैन (अंबाह बाले) को प्राप्त हुआ है। सोमवार 27 फरवरी को ध्वजारोहण, घटयात्रा, चित्र अनावरण के साथ विधान का शुभारम्भ होगा। ततपश्चात निरन्तर श्री सिद्ध परिमेष्ठी की आराधना करते हुए अर्घ समर्पित किये जायेंगे। विधान के अंतिम दिन 06 मार्च को विश्व शांति की कामना हेतु महायज्ञ का आयोजन होगा एवं श्री जिनेन्द्र प्रभु को रथ पर विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। अंतिम दिन सकल जैन समाज के सामूहिक भोज की व्यबस्था की गई है। विधान के मुख्य संयोजक पदमचंद जैन (चैटा वाले) के अनुसार मुरेना नगर में सिद्धचक्र विधान तो वहुत हुए हैं लेकिन 125 मंडलीय विधान प्रथमवार होने जा रहा है। इस विधान की धार्मिक क्रियाओं में लगने वाली सम्पूर्ण द्रव्य सामग्री राजकुमार गोरवकुमार जैन (बीएसएनएल) ने प्रदान करने की घोषणा की है। विधान को भव्यता प्रदान करने बाबत एक आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसमें अलग अलग व्यक्तियों को विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां प्रदान की गई हैं।



## वार्षिक महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया

पुष्पाजंली टुडे

होसूर. देवासी राइका समाज ट्रस्ट होसूर का ग्यारहवां वार्षिक महाशिवरात्रि सम्मेलन होसूर स्थित समाज भवन में आयोजित किया गया।शनिवार रात्रि शिवजी की आरती व पूजा -अर्चना की गई उसके बाद रात्रि जागरण में भजन गायक कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओ को झूमने पर मजबूर कर दिया ।दुसरे दिन सुबह शिवजी की आरती के पश्चात आम सभा का आयोजन हुआ ।जिसमें चढ़ावों के लाभार्थियों का स्वागत किया गया ।इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष भरतराम आल,उपाध्यक्ष वीरेंद्र साम्बड़,सचिव तेजाराम भीम, सह -सचिव देवाराम पेवाला,कोषाध्यक्ष मोहनलाल आल, सह-कोषाध्यक्ष अणदाराम भीम संरक्षक जयराम भीम सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# अमृत योजना में मिण्ड, दतिया, के स्टेशनों को आकर्षक बनाया जाएगा : सांसद

### प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती संध्या राय एवं रेलवे के वरिष्ठ डीआरएम एवं जीआरएम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ओवर ब्रिज अंडर ब्रिज के निर्माण को लेकर भिंड, गोहद, सोनी स्टेशनों का निरीक्षण किया ओवर ब्रिज का निर्माण 3 किलोमीटर की दूरी से होगा चंदनपुरा मोड़ से मुड़िया खेड़ा चौराहे तक

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत केंद्रीय बजट में मिण्ड स्टेशन को अमृत योजना में शामिल किए जाने एवं ओवरब्रिज अंडर ग्राउंड ब्रिज के निर्माण कार्य को लेकर भारतीय रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी निर्माण महाप्रबंधक सतीश कुमार तथा डीआरएम आशुतोष जी के साथ विभागीय अधिकारियों के साथ ग्वालियर से बाराहेड ,गोहद, सोनी मिण्ड, स्टेशन निरीक्षण किया। भिंड स्टेशन पर जहां वरिष्ठ अधिकारी निर्माण कार्य को लेकर निरीक्षण किया। सांसद राय ने बताया की ढाई सौ करोड़ की योजना के साथ ओवरब्रिज का निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ होने जा रही है। सांसद संध्या राय ने स्टेशनों का निरीक्षण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण स्टेशनों में दोनों जिले के स्टेशनों को शामिल कर हमारे संसदीय क्षेत्र की जनता की मांग पूर्ण की है ओवर ब्रिज और अंडर ग्राउंड ब्रिज के पुल निर्माण की मांग काफी समय से चली आ रही थी चलो आप भाई सेऔर बहुत जल्दी इसका निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा और यातायात व्यवस्था में पूर्ण रूप से सुधार होगा। उन्होंने कहा कि अमृत योजना में दतिया स्टेशनों को विकास की दिशा से जोड़ा जाएगा इसके लिए मेरा प्रयास बराबर रहता है केंद्रीय बजट में रेल मंत्रालय ने जो सौगात हमारे संसदीय क्षेत्र की जनता को दी है इसके लिए मैं रेल मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। उन्होंने कहा कि ढाई सौ करोड़ की लागत से ओवर ब्रिज ओं का निर्माण किया जाएगा। ओवर ब्रिज का निर्माण 3 किलोमीटर चंदनपुरा मोड से मुड़िया खेड़ा चौराहे तक किया जाएगा जिसके लिए टेंडर भी अति शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा और यह निरीक्षण इसीलिए किया जा रहा है की जनता को यातायात व्यवस्था में राहत मिले और मुझसे



कई बार जनता ने इसके लिए मांगी थी और यह पूर्ण रूप से पूर्ण होती हुई बहुत कम समय सीमा में यह सौगात क्षेत्रीय जनता को मिल जाएगी। अमृत योजना में रेलवे की खाली पड़ी जमीन पर पार्क का निर्माण सड़क का निर्माण एवं स्टेशनों
भारतीय रेलवे सलाहकार बोर्ड के जबलपुर जॉन के सदस्य संजीव काकर ने कहा कि अमृत योजना में जो भिंड स्टेशन को विशेष सौगात के रूप में शामिल किया गया है जिसमें यात्रियों के लिए अलग से खिड़की की व्यवस्था बनाई जाए ताकि टिकट लेते समय यात्री गणों को कठिनाइयां ना हो। उन्होंने कहा कि और अनेकों गाड़ियों को भिंड से जोड़ा जाए ताकि यह विकास आगे की ओर बढ़ सके। भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया एवं रवि सेन जैन ने सांसद संध्या राय एवं रेलवे विभाग के महाप्रबंधक एवं डीआरएम को स्टेशन के लिए विकास के लिए मांग पत्र सौंपा और भिंड से नई दिल्ली दिल्ली से भोपाल और सीधे कानपुर से जुड़ने के लिए गाड़ियां चलाने के लिए मांग की। वार्ड नंबर 5 पार्षद श्रीमती हेमू राहुल जैन ने प्रसिद्ध जैन सिद्ध क्षेत्र सोनागिर जिला दतिया में वीरांगना लक्ष्मीबाई इंटरसिटी ट्रेन संख्या 1190 चार वापसी 1190 3 का मिनट स्टॉप कराने के लिए ध्यान आकर्षित कराया जिसमें उन्होंने कहा जैन समाज का प्रमुख स्थान सोनागिर शेष जैन समाज की अटूट धार्मिक आस्था जुड़ी हुई है आठवीं जैन तीर्थ स्थल चंद्रप्रभु स्वामी नशा 17 बार समयशरण किया कई जैन मुनियों ने यहां से मोच की और प्राप्त की इसी कारण सिद्ध क्षेत्र सोनागिर पर हजारों की संख्या में प्रतिदिन जैन समाज के लोग जहां दर्शन करने आते हैं। उपरोक्त ट्रेन का स्टॉपेज दिया जाए ताकि सोनागिर जाने वाले यात्रियों को कोई कठिनाइयां ना हो। भारतीय रेलवे के महाप्रबंधक सतीश कुमार ने भिंड स्टेशन पर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा की 50 नंबर ओवर ब्रिज का भिंड में निर्माण कार्य के लिए उसका एस्टीमेट बनाकर विभाग को भेज दिया है। 15~00 20 दिन में इसके पूरी संपूर्ण कार्रवाई करते हुए शीघ्र ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। और यातायात व्यवस्था में अवरुद्ध होता था वह नहीं होगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा राजे, संस्कृत प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मनोज अनंत, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भदौरिया, राम भटेले, महेश श्रीवास्तव , अशोक गुर्जर अशोक सिंह गुर्जर दीपक तोमर, संजय झा बादशाह सिंह राघवेंद्र भार्गव मनीष मनीष तोमर पार्षद अरविंद भदौरिया, महिपाल चौहान मंडल अध्यक्ष जेल सिंह नरवरिया सत्यवान सिंह नरवरिया नित्य गोपाल शर्मा, सोनू जैन, पुजारी जैन, प्रमुख उपस्थित थे।

## पहले दिन कथा व्यास पं.जीतू उपाध्याय ने कहा-श्रीमद भागवत कथा भगवान का साक्षात स्वरूप



अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे

दबोह। नगर दबोह के समीप ग्राम बरथरा मे समस्त धर्मप्रेमियों एवं ग्रामवासियो के द्वारा श्रीमदभागवत कथा का आयोजन दिनांक 20 ?रवरी सोमवार से 27 फरबरी सोमवार तक किया जा रहा है।जिसका रविवार को श्री गणेश पूजन कर विशाल कलश यात्रा निकाली गई।सोमवार को कथा पहले दिन कथा व्यास पं.जीतू उपाध्याय ने कहा श्रीमद भागवत कथा भगवान का साक्षात स्वरूप जब पुण्यों का उदय होता है एवं ईश्वर एवम पूर्वजों का अनुग्रह मिलता है, तब मनुष्य को श्रीमद भागवत कथा के श्रवण का लाभ मिलता है धन, ऐश्वर्य, मान सम्मान सब क्षणिक वस्तुएं हैं।यदि आपके जीवन में सही सत्संग है तो आपका जीवन धन्य हो जाएगा श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से जन्मों जन्मों के पाप क्षीण हो जाते हैं और मनुष्य मोक्ष को प्राप्त होता है।श्रीमदभागवत कथा भगवान का साक्षात स्वरूप है श्रीमद् भागवत कथा के अनुष्ठान का बहुत पुण्य लाभ मिलता है।इस कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य दुखों से दूर होता है कथा व्यास जीतू उपाध्याय ने अंत मे कहा कि कलयुग में भागवत भागवान की महिमा व संकीर्तन के महत्व का उल्लेख किया।इसके उपरांत भागवत भक्त गोकर्ण व उसके भाई अधर्मी धुंधकारी के प्रसंग पर व्याख्यान दिया धुंधकारी के गलत कार्यो में संलिप्त होने के कारण उसकी हत्या हो गई और अकाल मृत्यु होने के कारण वह प्रेत योनि में चला गया भाई गोकर्ण ने प्रेत योनि से मुक्ति दिलाने के लिए सूर्य भगवान के बताए सूत्र पर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया और भाई धुंधकारी को कथा सुनाई,जिसके श्रवण से धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति मिली इससे स्पष्ट होता है कि कर्म,धर्म मनुष्य को संयमित और वेद रीति नीति से करना चाहिए साथ ही भाई से रंजिश नहीं रखना चाहिए,क्योंकि आखिर में भाई ही भाई के काम आता है।कथा मे पारीक्षत जानकी देवी-ब्रजमोहन सिंह कौरव को सौभाग्य प्राप्त हुआ,कथा आयोजक समस्त ग्रामवासी बरथरा।कथा की सम्पूर्ण जानकारी युवा समाजसेवी शेरसिंह कौरव द्वारा दी गई।


## श्रद्धालुओं ने यज्ञ में दी आहुतियां

पुष्पाजंली टुडे

होसूर~ सीरवी समाज होसूर की ओर से नवनिर्मित सीरवी समाज आईमाता बडेर में रविवार को शुभ मुहूर्त में पडित रवि महाराज के सान्निध्य में चेन्नई से आए विधिकारकों ने गणपति एंव नवग्रह हवन करवाया जयमान सुरेश सैणचा एंव उनके परिवार व कार्यकारिणी सदस्यों ने हवन कुण्ड में आहुतियां दी ।इस शुभ अवसर पर ओमप्रकाश परिहार ने जयमान परिवारों के सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया गया ।इस मौके पर बेंगलूर से अबाराम बर्फा ,ओमप्रकाश परिहार सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं ने किया वृक्षारोपण

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे



ग्वालियर। शासकीय कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ग्वालियर में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। जिसके अंतर्गत 50 पौधे लगाए गए।यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एम आर कौशल के मार्गदर्शन में हुआ।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीणा शुक्ला,डॉ कृष्णा सिंह,कॉमर्स डिपार्टमेंट से डॉ.आर,सी उपाध्याय,राजनीति शास्त्र विभाग से डॉ सुधा सिंह, साइंस डिपार्टमेंट से डॉ मधु लक्ष्मी और हिंदी विभाग से डॉ.आभा मिश्रा सहित राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका आंचल कुशवाह, शिवानी, भानुप्रिया, अनामिकासपना, कुशवाह, पूनम, पिंकी कुशवाह,वर्षा कटारे, वैष्णवी मुद्गल, मानसी कुशवाह, ग्रेसी, रितिका, रानी वंशकार, आरती राणा, हेमलता राणा, भारती मांझी, छाया शर्मा, शिवांगी, काव्या, अंशिका यादव ने वृक्ष लगाए और आमजन से भी अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने का संदेश दिया।

## महा आंदोलन में भोपाल पहुंचेंगे अतिथि शिक्षक, बैठक कर बनाई रूपरेखा

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर
अभिषेक कुशवाह

**सिरोंज।** अतिथि शिक्षक संघ नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदेश की राजधानी भोपाल में महा आंदोलन मंगलवार से किया जाना है इसी को लेकर सिरोंज मैं अतिथि शिक्षक संघ के द्वारा बैठक आयोजित कर भोपाल चलने की रणनीति पर विचार विमर्श किया जिसमें विकासखंड के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा के द्वारा बताया गया कि हम अतिथि शिक्षक अल्प मानदेय में पिछ्ले 15 वर्षों से सरकारी स्कूलों में सेवाएं देते आ रहे हैं लेकिन सरकार के द्वारा ना तो हमारा नियमितीकरण किया गया और ना ही वेतन वृद्धि की गई इसी को लेकर पूरे मध्यप्रदेश के अतिथि शिक्षकों के द्वारा भोपाल में आंदोलन किया जाना है जिसमें सिरोंज से बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक भोपाल आंदोलन में शामिल होंगी इस दौरान सचिन सुमन राजकुमार नामदेव सहित बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे

## अहिरवार समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे सिरोंज, हुआ भव्य स्वागत , सामाजिक विषयों पर किया विचार-विमर्श

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर
अभिषेक कुशवाह

सिरोज। अहिरवार समाज संघ के तीन दिवसीय दौरे कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर जगदीश सूर्यवंशी उपाध्यक्ष हनुमंत बौद्ध , संभाग अध्यक्ष महाराज सिंह सहित अनेक पदाधिकारी सिरोंज पहुंचे जहां समाज के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया एवं अनेक सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई इस दौरान बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

# सिंगवारी स्कूल मैं क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

उद्योग क्षेत्र मालनपुर ग्राम सिंगंवारी मिडिल विद्यालय मैं चल रहे संमभागीय क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं संस्कृति प्रतियोगिता का समापन जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को बांटे पुरस्कार सम्भागीय प्रतियोगिता एवं संस्कृति क्रीड़ा प्रतियोगिता दिनांक 17 फरवरी से चल रही थी 20 फरवरी को समापन में गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड मालनपुर के इंजीनियर अजय सक्सेना द्वारा मां सरस्वती की पूजा कर दीप प्रज्वलित किया और प्राथमिक विद्यालय से लेकर माध्यमिक स्कूल के छात्र छात्राओं का संस्कृति कार्यक्रम देखा जिसमें स्कूल छात्राओं ने विभिन्न प्रकार प्रस्तुति दी इस अवसर पर अजय सक्सेना ने बच्चों को आशीर्वाद रूपी शब्दों में कहा कि मुझे मेरी गोदरेज कंपनी को बड़ा हर्ष हो रहा है कि इस रकूल एक बच्चा आई आई टी में सिलेक्शन हुआ उसे बधाई कंपनी की तरफ से जो छात्र छात्राएं आज इस प्रतियोगिता में विजय रहे उन्हें सबको बधाई ईसीकृम में



एच आर मैनेजर हामिद अली ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि हार जीत तो होती रहती है जीता वही सिकंदर परंतु हार कर भी उदास ना रहते हुए इस अवसर पर ज्ञात रहे वर्ष 1994 से इस ग्राम सिंगवारी में गोदरेज कंपनी द्वारा लगातार क्रीड़ा प्रतियोगिता प्रतिवर्ष होती चली आ रही है एवं ग्राम स्कूल के छात्र के लिए पीने के पानी की व्यवस्था एवं स्कूल की साफ सफाई इत्यादि कंपनी तरफ की चली आ रही है आज खेले गए खेलों में कबड्डी खो-खो रस्सी कूद दौड़ आदि प्रतियोगिता हुई इस प्रतियोगिता के अवसर पर प्रतिवर्ष गरीब परिवार के छात्र छात्राओं को स्कॉलरशिप के रूप में मेंधावी छात्र छात्राओं को चेक प्रदान किए गए सभी विजेता उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरित किए गए इस शुभ अवसर पर अजय सक्सेना, अमित वहल हामिद अली एचआर मैनेजर, संतोष मिश्रा, पूजा शर्मा, अमृता , के कुपन, स्कूल प्रधान अध्यापक देवेंद्र सिंह तोमर ,मंजू तोमर, पूर्व अध्यापक कृष्ण मुरारी मिश्रा, मालनपुर, टूडीला, सिंगवारी, आदि के स्कूल शिक्षक गण मौजूद रहे।

## समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार, सीएमएचओ डॉ यूपीएस कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर, उनके निराकरण के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर लंबित शिकायतों का निराकरण समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त सीईओ जनपद को निर्देशित कर कहा कि विकास की दीवाल लेखन कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने संबल 2.0 के पंजीयन के स्टेटस की जानकारी ली। उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा हेतु जो दल बनाए गए हैं उनमें प्रत्येक दल के साथ एक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की जाए। साथ ही जिला स्तर पर एक आर.आई कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए।

# अमृत योजना में भिण्ड - दतिया के स्टेशनों को आकर्षक बनाया जाएगा : सांसद

## प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती संध्या राय एवं रेलवे के वरिष्ठ डीआरएम एवं जीआरएम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, ओवर ब्रिज अंडर ब्रिज के निर्माण को लेकर भिंड,गोहद,सोनी स्टेशनों का निरीक्षण कियास, ओवर ब्रिज का निर्माण 3 किलोमीटर की दूरी से होगा चंदनपुरा मोड़ से मुड़िया खेड़ा चौराहे तक

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत केंद्रीय बजट में मिण्ड स्टेशन को अमृत योजना में शामिल किए जाने एवं ओवरब्रिज अंडर ग्राउंड ब्रिज के निर्माण कार्य को लेकर भारतीय रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी निर्माण महाप्रबंधक सतीश कुमार तथा डीआरएम आशुतोष जी के साथ विभागीय अधिकारियों के साथ ग्वालियर से बाराहेड ,गोहद, सोनी मिण्ड, स्टेशन निरीक्षण किया। भिंड स्टेशन पर जहां वरिष्ठ अधिकारी निर्माण कार्य को लेकर निरीक्षण किया। सांसद राय ने बताया की ढाई सौ करोड़ की योजना के साथ ओवरब्रिज का निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ होने जा रही है।

सांसद संध्या राय ने स्टेशनों का निरीक्षण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण स्टेशनों में दोनों जिले के स्टेशनों को शामिल कर हमारे संसदीय क्षेत्र की जनता की मांग पूर्ण की है ओवर ब्रिज और अंडर ग्राउंड ब्रिज के पुल निर्माण की मांग काफी समय से चली आ रही थी चलो आप भाई सेऔर बहुत जल्दी इसका निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा और यातायात व्यवस्था में पूर्ण रूप से सुधार होगा। उन्होंने कहा कि अमृत योजना में दतिया स्टेशनों को विकास की दिशा से जोड़ा जाएगा इसके लिए मेरा प्रयास बराबर रहता है केंद्रीय बजट में रेल मंत्रालय ने जो सौगात हमारे संसदीय क्षेत्र की जनता को दी है इसके लिए मैं रेल मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। उन्होंने कहा कि ढाई सौ करोड़ की लागत से ओवर ब्रिज ओं का निर्माण किया जाएगा। ओवर ब्रिज का निर्माण 3 किलोमीटर चंदनपुरा मोड से मुड़िया खेड़ा चौराहे तक किया जाएगा जिसके लिए टेंडर भी अति शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा और यह निरीक्षण इसीलिए किया जा रहा है की जनता को यातायात व्यवस्था में राहत मिले और मुझसे कई बार जनता ने इसके लिए मांगी थी और यह पूर्ण रूप से पूर्ण होती हुई बहुत कम समय सीमा में यह सौगात क्षेत्रीय जनता को मिल जाएगी। अमृत योजना में रेलवे की खाली पड़ी जमीन पर पार्क का निर्माण सड़क का निर्माण एवं स्टेशनों भारतीय रेलवे सलाहकार बोर्ड के जबलपुर जॉन के सदस्य संजीव काकर ने कहा कि अमृत योजना में जो भिंड स्टेशन को विशेष सौगात के रूप में शामिल किया गया है जिसमें यात्रियों के लिए अलग से खिड़की की व्यवस्था बनाई जाए ताकि टिकट लेते समय यात्री गणों को कठिनाइयां ना हो । उन्होंने कहा कि और अनेकों गाड़ियों को भिंड से जोड़ा जाए ताकि यह विकास आगे की ओर बढ़ सके। भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया एवं रवि सेन जैन ने सांसद संध्या राय एवं रेलवे विभाग के महाप्रबंधक एवं डीआरएम को स्टेशन के लिए विकास के लिए मांग पत्र सौंपा और भिंड से नई दिल्ली दिल्ली से भोपाल और सीधे कानपुर से जुड़ने के लिए गाड़ियां चलाने के लिए मांग की। वार्ड नंबर 5 पार्षद श्रीमती हेमू राहुल जैन ने प्रसिद्ध जैन सिद्ध क्षेत्र सोनागिर जिला दतिया में वीरांगना लक्ष्मीबाई इंटरसिटी ट्रेन संख्या 1190 चार वापसी 1190 3 का मिनट स्टॉप कराने के लिए ध्यान आकर्षित कराया जिसमें उन्होंने कहा जैन समाज का प्रमुख स्थान सोनागिर शेष जैन समाज की अटूट धार्मिक आस्था जुड़ी हुई है आठवीं जैन तीर्थ स्थल चंद्रप्रभु स्वामी नशा 17 बार समयशरण किया कई जैन मुनियों ने यहां से मोच की और प्राप्त की इसी कारण सिद्ध क्षेत्र सोनागिर पर हजारों की संख्या में प्रतिदिन जैन समाज के लोग जहां दर्शन करने आते हैं। उपरोक्त ट्रेन का स्टॉपेज दिया जाए ताकि सोनागिर जाने वाले यात्रियों को कोई कठिनाइयां ना हो। भारतीय रेलवे के महाप्रबंधक सतीश कुमार ने भिंड स्टेशन पर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा की 50 नंबर ओवर ब्रिज का भिंड में निर्माण कार्य के लिए उसका एस्टीमेट बनाकर विभाग को भेज दिया है । 15-00 20 दिन में इसके पूरी संपूर्ण कार्रवाई करते हुए शीघ्र ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। और यातायात व्यवस्था में अवरुद्ध होता था वह नहीं होगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा राजे, संस्कृत प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मनोज अनंत, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भदौरिया, राम भटेले, महेश श्रीवास्तव , अशोक गुर्जर अशोक सिंह गुर्जर दीपक तोमर, संजय झा बादशाह सिंह राघवेंद्र भार्गव मनीष मनीष तोमर पार्षद अरविंद भदौरिया, महिपाल चौहान मंडल अध्यक्ष जेल सिंह नरवरिया सत्यवान सिंह नरवरिया नित्य गोपाल शर्मा, सोनू जैन, पुजारी जैन, प्रमुख उपस्थित थे।

# मानवाधिकार सुरक्षा संघ ने कलेक्टर से मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया



**खरगोन।** कलेक्टर शिवराज सिंह वर्माजी से मानवाधिकार सुरक्षा संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर कलेक्टर महोदय के द्वारा उत्कृष्ट कार्य पर्दशन से प्रभावित है,उनके द्वारा गाँव गाँव स्कूलों में जाकर शिक्षा पर जोर देना हॉस्पिटलों का निरीक्षण करना तथा भ्र्ष्टाचार पर नकेल कसना आदि कार्यों को देखते हुए मानवाधिकार के सदस्यों ने उन्हें गुलदस्ता भेट कर शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रदेशाध्यक्ष सतीश गांगलेजी के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष कमल कुमार गांगलेजी,संघठन मन्त्री जितेंद्र भालसे,उपाध्यक्ष नीलेश गुप्ता, मुन्ना खानजी, अजय भालसे, शाहरुख खान, मदन सिकरवार, उमा महाजन ,रूपेश भार्गव आदि उपस्थित रहे।

# शिवराज सरकार की संबल जैसी जनहितकारी योजना को कमलनाथ की सरकार ने बंद किया था: रमेश भटेरे भाजपा जिलाध्यक्ष

## भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के नेतृत्व में विकास यात्रा पंहुची ग्राम पंचायत चिचोली, चिखली, मनेरी, बोरडी, दहेगांव, सिंगोला एवं देवलगांव

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

मध्यप्रदेश सरकार की विकास गाथा रूपी विकास यात्रा 5 फरवरी से विकासखण्ड लांजी के प्रत्येक गांव तक पंहुच रही है। इस विकास यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के द्वारा किया जा रहा है जो कि पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक अधिकारीयों कर्मचारियों के साथ विकास यात्रा लेकर चल रहे है साथ ही जनता से मिलकर उन्हे सरकार की योजनाओं एवं क्रियान्वयन की जानकारी दे रहे। इसी क्रम में 20 फरवरी को विकास यात्रा लांजी अनुभाग के ग्राम पंचायत चिचोली, चिखली, मनेरी, बोरडी, दहेगांव एवं सिंगोला पहुंची। इस यात्रा में प्रमुख रूप से भाजपा




जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे, जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया एवं शिव दशहरे, महेंद्र पटेल जनपद सदस्य, बलीराम शिवनकर पुर्व मंडल अध्यक्ष, सोहन उपराडे, सुरेश लिल्हारे, योगेश कुराहे जनपद सदस्य, भरतलाल बागडे, अमित घोघड़े, भुषण बनोठे, सोहन नगपुरे, नेहल तुमेश्वर गौतम सरपंच, विजय मस्करे, जियालाल पटले, शिविका पालीवार सरपंच, मोहनलाल खुश्याम सहित प्रशासनिक अमले से श्रीमती ज्योति ठाकुर एसडीएम, तहसीलदार सतीश चौधरी, सीईओ रंजीत सिंह ताराम, डी आर गजबे बीईओ, श्रीमती पदमावती परते महिला एवं बाल विकास अधिकारी, सीएमओ डॉ प्रदीप गेडाम एवं प्रशासनिक अधिकारी अनुभाग लांजी, आजीविका मिशन की दीदीयॉ, समूह, आजीविका के अधिकारी कर्मचारी गण, एरिकेशन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उक्त सभी ग्राम की जनता प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

# बोर्ड रीक्षाओं का संचालन व्यवस्थित ढंग से निष्पक्ष होकर करें - डा गिरीश कुमार मिश्रा कलेक्टर बालाघाट

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशानुसार 20 फरवरी को बोर्ड परीक्षाओं के संचालन में नियुक्त केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या् उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट में कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय, जी डी नाईक की उपस्थिति में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी निर्देशों एवं दायित्व से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ मिश्रा द्वारा केन्द्र अध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों से कहा गया कि वे बोर्ड परीक्षाओं का संचालन व्यवस्थित ढंग से निष्पक्ष होकर करें। इसमें किसी भी तरह की गड़बड़ी या नकल आदि नहीं होना चाहिए। बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को भी लगे कि वे ब? स्तर की परीक्षा दे रहे है। परीक्षा देने वाले बच्चों के मन में अनावश्यक डर आदि ना भरें बल्कि उन्हें बिना किसी भय के परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित करें। परीक्षा के दौरान माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। प्रशिक्षण के दौरान बोर्ड परीक्षाओं के के सफल संचालन के लिए उचित एवं प्रभावी मागदर्शन प्रदान किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय ने केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों से कहा कि वे बोर्ड परीक्षाओं की पवित्रता एवं विश्वसनीयता बनाये रखें एवं सौपे गये दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निवर्हन करें। इस दौरान उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण जिले के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट से 24 एवं 25 फरवरी को किया जावेगा।

# शादी की तैयारी में जुटे मेहमानों के बीच में फटा गैस सिलेंडर

**उमाकान्त शर्मा भिण्ड**

भिण्ड।प्राप्त जानकारी के अनुसार,घटना सोमवार सुबह 11-30 बजे गोरमी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम कचनाब कला की है, सोमवार की सुबह 11-30 बजे ग्राम कचनाव कला में अमर सिंह यादव के पुत्र रिंकू यादव के विवाह की तैयारियां चल रही थी जिसमें आज उनके यहां तेल का कार्यक्रम होना था परंतु होनी अनहोनी का किसी को कोई पता नहीं है और समय के आगे किसी की नहीं चली सभी लोग शादी की खुशियों में तेल कार्यक्रम में शामिल हुए थे कि सुबह 11-00 अचानक उनके घर में रखें, छोटे गैस सिलेंडरों में से एक गैस सिलेंडर अचानक लीक हो गया और जिस कारण उसमें अनजान कारणों के चलते आग लग गई पास ही में मौजूद कार्यक्रम में उपस्थित हुए लोगों के बीच में गैस सिलेंडर उड़ता हुआ 10 फुट ऊंची दीवाल में जाकर लगा विवाह के कार्यक्रम में आए हुए सभी मेहमानों के बीच में महिलाओं और बच्चों में हाहाकार और चीख-पुकार मच गई तकरीबन 10 से 12 मेहमान सिलेंडर की आग के कारण आग की लपटों से झुलस गए, घर के अंदर से उठ रही महिलाओं और बच्चों की चीख-पुकार की आवाजों को सुनकर अमर सिंह यादव के घर के सामने से गुजर रहे राहगीर और आस-पड़ोस के लोगों ने तुरंत 108 इमरजेंसी एंबुलेंस और हंड्रेड डायल को सूचित किया और इस घटना के बारे में जानकारी दी पड़ोसियों और राहगीरों की मदद से अति गंभीर घायलों को शीघ्र अति शीघ्र अपने निजी साधनों से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोरमी पहुंचाया, 108 इमरजेंसी एंबुलेंस और डायल हंड्रेड भी समय पर गांव में अमर सिंह यादव के घर पहुंची और बचे हुए



घायलों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, प्राथमिक उपचार के बाद सात लोगों को तुरंत ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया गया बाकी लोगों को भी 108 इमरजेंसी एंबुलेंस पर सूचित करके जिला अस्पताल भिंड के लिए रेफर कर दिया, गोरमी थाना 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी ने बाकी सभी आग से झुलसे हुए घायलों को तुरंत जिला अस्पताल भिंड पहुंचा कर भर्ती करवाया जिससे उन्हें समय पर सही इलाज मिल सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार जलदेवी, अमर सिंह 55 साल, विशंभर,अमर सिंह 25 साल मोटी,अमर सिंह 26 सुनीता, अमर सिंह 23 साल पिंकी, भोगीराम 45 साल नीरू, विशंभर 23 साल प्रेमाबाई, परमाल 70 साल जनतुरा, पवन सिंह 30 साल भूरी,रामबरन 33 साल अमीता,भानु इस साल 30 साल, अंशु, रामवीर 9 साल जुनिका, रामवीर 30 साल खुशी पुत्री रामवीर 15 साल यह सभी सिलेंडर में लगी आग के कारण हादसे का शिकार हुए।

# सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ मध्य प्रदेश की बैठक सम्पन्न

**महेन्द्र शर्मा, उपसंपादक**
**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर । सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ मध्यप्रदेश के प्रदेश मंत्री श्री सुरेश बादल जी द्वारा ग्वालियर जिले की कार्यकारिणी के गठन हेतु बैठक ली गई बैठक में मुख्य अतिथि श्री सुरेश जी बादल प्रदेश मंत्री एवं प्रभारी ग्वालियर, संरक्षक एवं पूर्व मंत्री दर्जा प्राप्त श्री बसंत पुरोहितजी, विभाग प्रमुख श्री भूदयाल पाठक जी ,श्री सुधीर चतुर्वेदी विधि सलाहकार ,श्री अरुण कुमार शर्मा अध्यक्ष एवं श्री के सी शर्मा सचिव ग्वालियर मंचासीन रहे, उक्त बैठक का आयोजन मध्य भारतीय हिंदी साहित्य सभा दौलत गंज ग्वालियर में किया गया प्रांतीय शाखा के आव्हान पर 27 फरवरी को भोपाल प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई, धारा 49 को विलोपित कर सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों के हित में महगाई भत्तों का स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने हेतु मध्यप्रदेश शासन




से शीघ्र कार्रवाई हेतु महासंघ द्वारा मांग की गई , बैठक में महासंघ भोपाल के द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जिला कार्यकारिणी ग्वालियर का विस्तार कर संगठन में पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सर्वसम्मति से दायित्व दिया गया, बैठक में सर्वश्री मुकेश कुमार खंडेलवाल श्री अनिल कुमार जी श्री अरुण कुमार सिंह जादौन श्री राम कुमार जी श्री सीताराम शर्मा श्री दिनेश मिश्रा श्री रवि त्रिपाठी श्री रामकृष्ण अग्रवाल श्री विष्णु स्वरूप शर्मा श्री दिनकर शर्मा श्री शिव कुमार द्विवेदी श्री विवेक कुमार दीक्षित श्री हरी प्रकाश श्रीवास्तव श्री आरपी शर्मा श्री योगेंद्र सिंह भदोरिया श्री सुरेश चंद्र मुडिया श्री एके सरकार श्री राम प्रकाश सेन श्री रघुनाथ प्रसाद त्यागी श्री रवि भार्गव श्री सुशील कुमार शर्मा श्री जाजोरिया जी श्री चंद्र मोहन शर्मा आदि उपस्थित रहे बैठक का संचालन श्री केसी शर्मा सचिव ग्वालियर द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन कार्यकारी अध्यक्ष श्री विवेक दीक्षित द्वारा किया गया।

# भटकते बाल मन को राह दिखाता है बाल साहित्यः मौसम हरिनखेरे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति

## पी जी कालेज में बाल साहित्य पर दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का शुभारंभ

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

''भटकते बाल मन को राह दिखाता है बाल साहित्य उक्त उद्गार श्रीमती मौसम हरिनखेरे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति ने शासकीय जटाषंकर पी.जी. महाविद्यालय बालाघाट में दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के उद्घाटन सत्् में व्यक्त किये। उल्लेखनीय है कि 20 फरवरी 2023 को बाल साहित्य पर दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का महाविद्यालय में शुभारंभ हुआ। इस संगोष्ठी में देश विदेश के ख्यातिनाम रचनाकारों एवं साहित्यकारों ने शिरकत की। लंदन से प्रसिद्ध साहित्यकार श्री तेजेन्द्र शर्मा ऑनलाईन तरीके से जु?कर संगोष्ठी को प्रवासी साहित्य और बाल मनोविज्ञान पर आधारित सिनेमा और बाल साहित्य पर चर्चा की तथा 'तारे जमीन पर' फिल्म को बालकों के जीवन में महत्वपूर्ण बताया। महाराष्ट्र से आये प्रख्यात साहित्यकार प्रो. अर्जुन चौहान् ने बीज वक्ता के रूप में हिन्दी साहित्य में चित्रित बाल जीवन पर समीक्षात्मक विवेचना की। आपने बाल साहित्य पर वेदव्यास, वाल्मिकी, सूरदास अमिर खुसरो, चद्रधर शर्मा गुलेरी, प्रेमचंद की ईदगाह कहानी, प्रसाद की कहानी 'छोटा जादूगार', 'यषपाल की रचना', राजेन्द्र यादव, मनु भंण्डारी उपन्यास 'आपका बंटी' और 'सजा' कहानी तथा कृष्णा शोबती की रचना 'ए ल?की', मोहन राकेष के 'आधे अधुरे' तथा मराठी साहित्य में चित्रित बाल जीवन पर विस्तृत्त व्याख्या प्रस्तुत की । नई दिल्ली से पहुची बाल साहित्यकार डॉ. वंदना यादव ने बाल साहित्य पर बाल साहित्यकारों के अवदान को उल्लेखित कर बाल साहित्य द्वारा किस तरह बालकों के मन मस्तिस्क के विकास में योगदान दिया जाता हैं।संगोष्ठी में देष-विदेष के पुरस्कारों से पुरस्कृत डॉ. दिविक रमेष




जो एक प्रख्यात बाल साहित्यकार है, उन्होने वर्तमान बाल साहित्य पर समीक्षात्मक व्याख्या प्रस्तुत करते हुये अमृतलाल नागर, मोहन राकेष, विष्णु प्रभाकर, नासिरा शर्मा, चित्रा मुदगल, प्रेमचंद, सत्यजीत रे, गोर्की, धर्मवीर भारती की विवेचना तथा मराठी और गुजराती साहित्य जो बाल साहित्य से समृद्ध हैं का उल्लेख किया। आपने बाल साहित्य पर बोलते हुये कहा की बाल साहित्यतकारों को बच्चों के लिए नहीं बल्कि बच्चों का साहित्य लिखना चाहिए। इस शोध संगोष्ठी में शोध पत्र वाचन का सत्् भी रखा गया था जिसमें विद्वान प्राध्यापकों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। प्रो. सत्येन्द्र कुमार शेण्डे ने षिषुगीत पर अपना शोध पत्र प?ते हुये बाल साहित्य पर अपनी विवेचना प्रस्तुत की। प्रमुख बाल गीतों को प्रस्तुत करते हुये उन्होने सर्वेसर दयाल सक्सेना, भवानी प्रसाद मिश्र, मोहन अवधिया, कन्हैया लाल नंदन, राजेष जोषी हरकृष्ण देवसरे एवं प्रकाष मनु के अवदान की मनमोहक विवेचना प्रस्तुत की। संस्कृत भारती के संगठन मंत्री डॉ. जागेष्वर पटले ने संस्कृत भाषा में चित्रित बाल साहित्य पर धारा प्रवाह व्याख्यान संस्कृत में देकर सबका मन जीत लिया। छत्तीसगढ से पधारे डॉ. लालचंद सिन्हा ने हिन्दी कविता में चित्रित बाल जीवन में पर शोध पत्र का वाचन किया और हिन्दी के प्रसिद्ध बाल गीतों की प्रस्तुति दी। द्वितीय सत्् के महत्वपूर्ण वक्ता प्रो. गंगा प्रसाद शर्मा गुणशेखर जी वर्तमान संदंर्भ में बाल साहित्य पर अपने विचार व्यक्त करते हुये उन्होने भारतीय साहित्य के विविध भाषाओं में चित्रित बाल साहित्य पर विमर्ष प्रस्तुत किया। अंग्रेजी के प्रसिद्ध बाल साहित्यकार रस्कीन बॉड के योगदान को याद किया। आचार्य देवेन्द्र देव ने बाल साहित्य पर प्रकाष डालकर वर्तमान संदर्भ में बाल साहित्य की आवष्यकता एवं महत्व बताया। श्रीमती शमिमा कुरैषी शोद्धार्थी ने सूरदास के बाल मन के संबंध में विचार प्रस्तुत किये तथा बालक स्वभाव के बारे में बताया। डॉ. प्रणव शर्मा ने भी बाल साहित्य पर अपने उद्गार व्यक्त कियें। इस दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में डॉ. सतीष चतुर्वेदी शाकुन्तल एवं महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. गोविंद सिरसाटे सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. एल.सी.जैन, उपस्थित थे हिन्दी साहित्य के छात्र/छात्राए तथा सभी आयोजन समिति के सदस्य सभी विभागाध्यक्ष सहित अन्य महाविद्यालय से आये प्राध्यापक षिक्षक उपस्थित थे । साथ ही नगर के साहित्य प्रेमी भी उपस्थित थे । इस दो दिवसीय शोध संगोष्ठी में बाल साहित्य पर विमर्ष हुआ जो बालाघाट जिले के लिए उपलब्धि हैं।

# आईएफएमआईएस यूनिफाइन्ड ट्रेनिंग का आयोजन आज

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। आईएफएमआईएस यूनिफाइन्ड ट्रेनिंग 21 फरवरी 2023 को दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक ई-दक्ष केन्द्र भिण्ड में आयोजित की जाएगी। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी भिण्ड ने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को पत्र जारी कर कहा कि एईपीएस, ई-कुबेर, मिंसिंग क्रेडिट, ई-साइन, पे फिक्सेशन, आधार लुकअप सर्विस, टी-ओटीपी, रिलेटिड प्रोब्लम्स आदि विषयों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में 21 फरवरी 2023 को निर्धारित समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

# 09 तहसीलदारों को स्वामित्व योजना कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने स्वामित्व योजना एवं मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना एवं आयुक्त चंबल संभाग द्वारा दिए गए लक्ष्य के विरूद्व कार्यवाही न कर लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिवस में जवाब मांगा है। जवाब निर्धारित समय में प्रस्तुत न करने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जिन तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है उनमें तहसीलदार मौ राजेन्द्र मौर्य, तहसीलदार रौन एवं मिहोना रवीस भदौरिया, तहसीलदार लहार नवीन भारद्वाज, तहसीलदार भिण्ड ग्रामीण अरविन्द शर्मा, तहसीलदार भिण्ड नगर श्रीमती ममता शाक्य, तहसीलदार गोहद अनिल पटेल, तहसीलदार अटेर रंजीत सिंह कुशवाह, तहसीलदार गोरमी आशीष अग्रवाल एवं तहसीलदार मेहगांव आरएन खरे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# कंगना रनौत के बदले तेवर

## फहाद अहमद और स्वरा भास्कर को यूं दी शादी की बधाई



कंगना रनौत और स्वरा भास्कर सोशल मीडिया पर अपने बेबाक बयानों के चलते चर्चा में रहती हैं। स्वरा भास्कर ने समाजवादी पार्टी के यूथ लीडर फहाद अहमद) से शादी करके सभी को हैरान कर दिया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने फहाद अहमद संग अपनी शादी की तस्वीरें ट्विटर पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ स्वरा ने बताया कि उन्होंने स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी रचाई है। स्वरा भास्कर के इस पोस्ट पर फैंस और सेलेब्स उन्हें बधाई दे रहे हैं। लेकिन इन बधाई संदेशो में जब बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत का ट्वीट सामने आया तो सोशल मीडिया यूजर्स को यकीन ही नहीं हुआ। दरअसल, सोशल मीडिया पर कई बार स्वरा भास्कर और कंगना रनौत के बीच तीखी बहस हुई है और ऐसे में कंगना का स्वरा को शादी की बधाई देते हुए ट्वीट आना फैंस को हजम नहीं हुआ।

कंगना रनौत ने स्वरा भास्कर के शादी वाले ट्वीट पर रिप्लाई करते हुए लिखा, 'तुम दोनों ही बहुत खुश और ब्लेस्ड दिख रहे हो। सब भगवान की कृपा है। शादी दिल से होती है, बाकी तो सब ऑपचारिकता ही होती हैं।' कंगना रनौत के इस ट्वीट पर अब सोशल मीडिया पर यूजर्स के रिएक्शन आ रहे हैं। एक यूजर ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'लगता है अब कंगना भी ऐसे ही शादी करने वाली है तो दूसरो को विश करने लगी है।' एक दूसरे यूजर ने लिखा, 'कंगना रनौत आखिर तुमको हुआ क्या है जो स्वरा को बधाई दे रही हो।' बता दें कि कंगना रनौत की कुछ दिन पहले ही ट्विटर पर वापसी हुई है।

कंगना रनौत के वर्कफ्रंट की बात करे तो वह जल्द ही फिल्म 'इमरजेंसी' में देश की दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाती हुई नजर आएंगी। इस फिल्म में कंगना के साथ अनुपम खेर, महिमा चौधरी, विशाल नायर और श्रेयस तलपड़े भी अहम भूमिकाओं में दिखेंगे। फिल्म को कंगना रनौत ने ही डायरेक्ट किया है, जिसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। इस फिल्म की शूटिंग खत्म होने पर कंगना ने एक इमोशनल पोस्ट भी शेयर किया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस पोस्ट में कंगना रनौत ने बताया था कि किन-किन कठनाइयों से गुजरकर फिल्म की शूटिंग पूरी हुई है।

# तुनिषा शर्मा के निधन के बाद 'अली बाबा : दास्तान ए काबुल' को मिली नई मरियम

टीवी सीरियल 'अली बाबा : दास्तान ए काबुल' में मरियम का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा ने शो के सेट पर अपने को-एक्टर और बॉयफ्रेंड शीजान खान के मेकअप रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद शीजान को तुनिषा को आत्महत्या के उकसाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया था। शो के मेकर्स ने शीजान खान की जगह अभिषेक निगम कोकास्ट किया था। वहीं अब शो को नई मरियम भी मिल गई हैं। तुनिषा के बाद शो में मरियम का किरदार मनुल चुडासमा निभाएंगी। उन्होंने शो की शूटिंग भी शुरू कर दी है।

मनुल चुडासमा ने शो 'एक थी रानी, एक था रावण' से एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी। हालांकि, कुछ दिन बाद ही वो रातोंरात शो बाहर हो गई थीं। एक्ट्रेस को लेकर कहा गया था कि मेकर्स स्टोरी को नए एंगल से दिखाना चाहते हैं। नए किरदार के हिसाब से मनुल ग्लैमरस और सेंसुअस नहीं हैं।

ईटाइम्स से बातचीत के दौरान मनुल ने कहा कि मुझे राजकुमारी मरियम के किरदार के लिए चुना गया और इसके लिए मैं शो मेकर्स की आभारी हूं। इस शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बड़ी बात है और एक शानदार एहसास है। उन्हें यह बखूबी एहसास है कि शो में मरियम का किरदार एक बड़ी जिम्मेदारी है। खासकर तुनिषा शर्मा की मौत के बाद लोगों की अपेक्षाएं उनसे बढ़ गई हैं।



तुनिषा शर्मा की तारीफ करते हुए मनुल ने कहा, उन्होंने शो में जो काम किया है, वह अद्भुत है। मुझे उम्मीद है कि लोग मुझे इस किरदार में पसंद करेंगे और मुझ पर भी उसी प्यार की बौछार करेंगे, जो उन्होंने पहले की थी। मनुल चुडासमा बृज के गोपाल और तेनाली रामा जैसे शोज में भी नजर आ चुकी हैं।

# राखी सावंत ने की पीएम मोदी की जमकर तारीफ

राखी सावंत के पति आदिल खान ने राखी को धोखा दिया है। राखी ने अपना धर्म बदलकर आदिल दुरानी संग निकाह किया था, लेकिन शादी के बाद राखी आदिल के साथ खुश नहीं थी। आदिल ने राखी को काफी परेशान किया साथ ही उन्हें चीट किया, मारपीट किया और पैसा व जेवर छीनकर ले गया, जिसके बाद राखी ने केस दर्ज करवाया और आदिल खान इन सब जुर्म में गिरफ्तार हो गए हैं। हाल ही में राखी की मां का भी निधन हुआ था।

राखी का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक्ट्रेस ने खुलासा किया था कि आदिल का किसी तनु नाम की लड़की के साथ अफेयर है। साथ ही एक्ट्रेस ने बताया था कि वह तनु चंदेल प्रेग्नेंट है और जेल से बाहर आने के बाद आदिल और उनकी गर्लफ्रेंड शादी करने वाली है। इसी बीच राखी का एक और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस बोल रही हैं कि आदिल ने मुझसे इस्लामिक तरीके के साथ-साथ रजिस्टर्ड मैरिज भी की है, लेकिन फिर भी मैं आदिल को तलाक नहीं दूंगी।



राखी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीन तलाक कानून लागू करने के लिए धन्यवाद दिया। राखी ने आदिल जितना भी कहे मैं मुसलमान हूं तो मैं चार-चार शादी करूंगा। न, मुस्लिम लॉ भी इतनी इजाजत नहीं देते। अगर आप सिर्फ निकाह करते तब आप मुझे तलाक दे सकते थे, लेकिन सलाम करती हूं, धन्यवाद करती हूं मोदी जी, आप जुग-जुग जियो मोदी जी। ऐसा बोलते-बोलते राखी रोना शुरू कर देती है। साथ ही राखी ने कहा देश की सारी महिलाएं, मैं आपके चरण छूती हूं मोदी जी। सारी महिलाएं मुसलमान महिलाएं आपको सलाम करती हैं, आपने तीन तलाक का जो निकाला है कानून, उसके लिए हम आपके शुक्रगुजार हैं। मुझे नहीं पता था तीन तलाक का कानून मुझे भी लागू पड़ जाएगा। अगर मेरा पति मेरे साथ ऐसा करेगा तो एक और केस बनेगा।

# सलवार-सूट छोड़ सपना चौधरी ने बदला अपना लुक



सपना चौधरी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और फैंस के साथ अपने डांस वीडियोज और तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर सपना चौधरी को लाखों लोग फॉलो करते हैं। हरियाणवी डांसर और एक्ट्रेस सपना चौधरी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। सपना ने अपने करियर की शुरूआत स्टेज शो से की थी और आज के समय में सपना बॉलीवुड फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। सपना के चाहने वाले देश ही नहीं विदेशो में भी हैं। 'तेरी आंख्या का यो काजल' गाने से सपना चौधरी को खूब पहचान मिली। शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जिसने सपना का ये फेमस गाना नहीं सुना होगा। सपना चौधरी वीडियोज में सलवार सूट और लहंगा चोली में नजर आती हैं लेकिन इस बार सपना ने अपना लुक ही बदल लिया है। जिसे देखकर पहली नजर में फैंस को यकीन ही नहीं हो रहा कि ये वही सपना चौधरी हैं। सपना चौधरी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह बिल्कुल अलग अंदाज में अपने नए गाने 'दिल की मेरी छात तोड़ क बादल बरसागया री' पर अलग अंदाज में डांस करती दिखाई दे रही हैं। देसी सलवार सूट और लहंगा चोली में नजर आने वालीं सपना का ये कूल अंदाज देख उनके फैंस भी हैरान हैं। वीडियो में सपना चौधरी रॉकस्टार बनीं हरियाणवी देसी गाने में विदेशी लुक का तड़का लगाती नजर आ रही हैं। सपना चौधरी के इस वीडियो पर कमेंट करते हुए फैंस उनके इस वेस्टर्न लुक की तारीफ भी कर रहे हैं।

# उर्वशी रौतेला ने मांगी ऋषभ पंत के लिए दुआ

उर्वशी रौतेला आने वाले समय में कई साउथ सिनेमा की फिल्मों में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा उर्वशी रौतेला वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' में रणदीप हुड्डा के साथ नजर आएंगी। बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर आए दिन वायरल होते रहते हैं। उर्वशी रौतेला का नाम टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर ऋषभ पंत के साथ कई बार जोड़ा गया है, हालांकि दोनों ने हमेशा ही अपने रिश्ते पर चुप्पी साधे रखी। उर्वशी जब भी एयरपोर्ट पर स्पॉट की जाती हैं तो पैपराजी ऋषभ पंत से जुड़ा सवाल जरूर पूछते हैं। इस बार जब उर्वशी रौतेला ) से ऋषभ पंत को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने जो जवाब दिया वो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इस वीडियो को देखने के बाद कुछ लोगों ने उर्वशी को ट्रोल करना भी शुरू कर दिया है।

सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उर्वशी रौतेला लाल रंग के कपड़ों में स्टाइलिश लुक में नजर आ रही हैं। जब उर्वशी से ऋषभ पंत को लेकर सवाल किया गया तो उर्वशी रौतेला ने ऋषभ पंत के लिए कहा कि वह हमारे देश के लिए एक संपत्ति हैं, भारत का गौरव हैं। इस पर जब कैमरापर्सन ने जवाब दिया कि उनकी शुभकामनाएं पंत के साथ हैं। तो उर्वशी रौतेला ने कहा, 'हमारी भी।' उर्वशी के इस वीडियो पर कमेंट करते हुए कुछ यूजर्स ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया है। एक यूजर ने लिखा, 'ये नसीम शाह को जन्मदिन विश करके आ गई।'



एक दूसरे यूजर ने लिखा, 'इसको अब ऋषभ पंत की चिंता क्यों हो रही है..' बता दें कि क्रिकेटर ऋषभ पंत बीते साल दिसंबर में एक सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए थे। हाल ही में ऋषभ पंत ने अपनी एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें वो बैसाखी के सहारे चलते नजर आ रहे थे। इस तस्वीर को देखकर हर कोई पंत के जल्दी ठीक होने की दुआ कर रहा है। उर्वशी रौतेला और ऋषभ पंत का नाम कई बार साथ में जोड़ा गया है लेकिन दोनों के रिश्ते की सच्चाई क्या है ये कोई नहीं जानता।

# आरके स्टूडियो के बाद बिका राज कपूर का बंगला, जानिए कौन हैं खरीदार



बॉलीवुड के दिवंगत अभिनेता राज कपूर का ऐतिहासिक बंगला बिग गया है। मुंबई के चेंबूर में स्थित इस बंगले को गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने खरीदा है। कंपनी इस पर एक रियल एस्टेट



रुपए में हुआ है। हालांकि इसकी ऑफिशियल पुष्टि नहीं हुई है। कंपनी का कहना है कि इस बंगले को राज कपूर के परिवार वालों से खरीदा गया है और उस पर एक प्रीमियम रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट बनाया जाएगा। खबरों के अनुसार राज कपूर के बेटे रणधीर कपूर ने कहा, इस प्रॉपर्टी से हमारी कई यादें जुड़ी हैं और इसका हमारे परिवार के लिए काफी महत्व है। हमें उम्मीद है

# हार्दिक पांड्या और नतासा स्टेनकोविकू ने हिंदू रीति-रिवाजों से भी की शादी, वरमाला के समय किया लिपलॉक

हार्दिक पांड्या और नतासा स्टेनकोविक ने उदयपुर में दोबारा शादी की। इस जोड़े ने पहले 2020 में अपनी शादी को पंजीकृत किया था। दोनों ने उदयपुर में एक सफेद शादी में अपनी प्रतिज्ञा को नवीनीकृत किया और उसके बाद हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार शादी की।

हार्दिक पांड्या और नतासा स्टेनकोविक ने उदयपुर में दोबारा शादी की। इस जोड़े ने पहले 2020 में अपनी शादी को पंजीकृत किया था। दोनों ने उदयपुर में एक सफेद शादी में अपनी प्रतिज्ञा को नवीनीकृत किया और उसके बाद हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार शादी की। हिंदू विवाह समारोह के अंदर की तस्वीरों में से एक में, नतासा और हार्दिक वरमाला के दौरान मस्ती करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दोनों एक दूसरे को होठों पर दो बार किस भी करते हैं।

अब वायरल हो रहे वीडियो में हार्दिक पांड्या और नतासा



माला का आदान-प्रदान करते नजर आ रहे हैं। हार्दिक खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। युगल चंचल हो जाते हैं, थोड़ा नृत्य करते हैं और फिर मंच पर दो बार एक लिपलॉक करते हैं।

हार्दिक पांड्या और अभिनेत्री नतासा स्टेनकोविक, जिन्होंने 2020 में गुपचुप तरीके से शादी की, ने

को हुई थी। नताशा ने समारोह के लिए एक प्राचीन सफेद गाउन पहना था, जबकि हार्दिक टक्सीडो में डैपर दिखे। अपनी सफेद शादी की तस्वीरों को साझा करते हुए, जोड़े ने लिखा, हमने तीन साल पहले ली गई प्रतिज्ञाओं को नवीनीकृत करके प्यार के इस द्वीप पर वेलेंटाइन डे मनाया। हम वास्तव में अपने प्यार का जश्न

हैं।

ईसाई रीति-रिवाजों के अनुसार अपनी प्रतिज्ञा को नवीनीकृत करने के एक दिन बाद, हार्दिक और नताशा ने हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार फिर से शादी की प्रतिज्ञा ली। कपल ने अपनी हिंदू शादी की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और फैन्स की नजरें उन पर से नहीं हटीं। दुल्हन लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही थी, जबकि क्रिकेटर ने शेरवानी में अपने डैपर लुक से सभी को मदहोश कर दिया। उन्होंने एक विंटेज कार से शानदार एंट्री की। उदय सागर झील स्थित रैफल्स होटल के अंदर बारात निकाली गई, जहां दोनों तरह की शादियां हुईं।

हार्दिक और नतासा पहली बार 2020 में मिले थे और तुरंत ही हिट हो गए। उन्होंने जल्द ही दुबई में एक क्रूज पर उनके सामने प्रस्ताव रखा। उन्होंने मई में अपनी गर्भावस्था और शादी की घोषणा की। उन्होंने जुलाई

अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ क्राईम ब्रांच व थाना मोहना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

# मोटर सायकिल सवार एक तस्कर के पास से साढ़े तीन किलो गांजा कीमती लगभग 52 हजार रूपये का जप्त कर तस्कर को किया गिरफ्तार

ग्वालियर। दिनांक 20.02.2023 - पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी(भापुसे) के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 19.02.2023 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि शिवपुरी की तरफ से एक बिना नम्बर की मोटर सायकिल लिए हुए एक तस्कर गांजा बेचने के लिए ग्वालियर की तरफ आ रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया को क्राईम ब्रांच की टीम से मुखबिर सूचना की तस्दीक कर संदिग्ध गांजा तस्कर को पकड़ने हेतु निर्देश किया गया। अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पश्चिम) श्री गजेन्द्र सिंह वर्धमान से समन्वय स्थापित करते हुए शिवपुरी से मोटर सायकिल पर आ रहे गांजा तस्कर को पकड़ने के लिये क्राईम ब्रांच तथा थाना मोहना पुलिस की संयुक्त टीम को वाहन चैकिंग लगाने हेतु निर्देशित किया गया।वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में सीएसपी लककर/डीएसपी अपराध श्री षियाड़ के.एम.,भापुसे एवं एसडीओपी घाटीगांव श्री संतोष कुमार पटले के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच निरीक्षक अमर सिंह सिकरवार द्वारा क्राईम टीम को मोहना भेजा गया। क्राईम ब्रांच टीम द्वारा थाना प्रभारी मोहना उप निरीक्षक कुलदीप वर्गे से समन्वय करते हुए संयुक्त रूप से पार्वती नदी के पुल के पास वाहन चेकिंग प्रारम्भ की गई। वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक बिना नम्बर की पल्सर मोटर सायकिल लिये हुए एक व्यक्ति आता दिखा। मोटर सायकिल चालक द्वारा पुलिस चैकिंग को देखकर मोटर सायकिल को वापस लौटाकर भागने का प्रयास किया गया, लेकिन चैकिंग कर रहे पुलिस जवानों द्वारा उसे घेरकर पकड़ लिया गया। पूछताछ में पकड़े गये संदिग्ध व्यक्ति द्वारा स्वयं को ग्राम निरमानी थाना सुभाषपुरा जिला शिवपुरी का रहने वाला बताया। पकड़े गये व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके पेंट की जेब से 350 रूपये नगद तथा एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल मिला। संदेही के पीठ पर टंगे काले रंग के बैग की तलाशी लेने पर उसके अन्दर एक प्लास्टिक की थैली में गांजा रखा हुआ पाया गया, तौल करने पर एक प्लास्टिक की थैली में 03 किलो 500 ग्राम गांजा कीमती लगभग 52,500/- रूपये तथा मोटर सायकिल को विधिवत् जप्त किया गया। कड़े गये तस्कर के विरूद्ध थाना मोहना में अप.क्र. 29/23 धारा 8/20 एनडीपीएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवचेना में लिया गया है। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये तस्कर से गांजे के संबंध में पूछताछ की जा रही है।



**जप्त मशरूका।**कुल 03 किलो 500 ग्राम गांजा कीमती 52,500/- रुपये तथा एक मोबाइल, नगदी 350 रुपये, पल्सर मोटर सायकिल कुल जप्त मशरूका कीमती 80,850/- रूपये।

**सराहनीय भूमिका।**- उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरीक्षक अमर सिंह सिकरवार, थाना प्रभारी मोहना उप निरीक्षक **कुलदीप वर्गे क्राइम ब्रांच टीम**- सउनि राजीव सोलंकी, प्र.आर. रामबाबू, आरक्षक गौरव आर्य, अरुण पवैया, रामवीर सिंह तथा थाना मोहना टीम- उप निरीक्षक अजयपाल सिंह यादव, सउनि बालकृष्ण, आरक्षक रोहित शिवहरे, अजय जाटव, अमित कुमार, थानसिंह, प्र.आर. चालक लालजी गोस्वामी की सराहनीय भूमिका रही।

## विकास और जनकल्याण के कार्य सरकार की प्राथमिकता है: मंत्री कुशवाह

**ग्वालियर।** प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा अनुरूप किसानों को सम्मान, आवासहीनों को आवास तथा जरूरतमंदों को अनाज उपलब्ध कराने का कार्य प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश भर में विकास यात्राओं के माध्यम से सरकार आम जनों के घर तक पहुँच रही है और उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध करा रही है। उद्यानिकी मंत्री भारत सिंह कुशवाह 20 फरवरी सोमवार को विकास यात्रा के दौरान तीन ग्रामों में एक करोड़ 88 लाख 54 हजार रूपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार विकास और जनकल्याण के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कर रही है। गाँव, गरीब और किसान की भलाई के लिये प्रदेश सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सीधा लाभ पहुँचाया जा रहा है। उद्यानिकी मंत्री ने वार्ड क्र.-62 बेहटा में आयोजित कार्यक्रम में 31 लाख 41 हजार रूपए लागत से बनने वाली बीटी रोड़ निर्माण बेहटा से ब्रिज तक तथा शासकीय हाईस्कूल बेहटा को स्मार्ट बनाने हेतु 22 लाख 18 हजार रूपए की लागत से किए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही आरसीसी रोड़, बाउण्ड्रीवॉल, चबूतरा एवं श्मशान घाट निर्माण का कार्य 41 लाख 78 हजार रूपए की लागत से किया जाना है, जिसका भूमिपूजन किया । उद्यानिकी मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने वार्ड-62 के जहांगीरपुर में 57 लाख 17 हजार रूपए की लागत के डाम्बरीकरण रोड़ निर्माण का भूमिपूजन किया। उन्होंने वार्ड क्र-62 के भटपुरा में 36 लाख रूपए की लागत से किए जा रहे मुख्य मार्ग से भटपुरा तक के डामरीकरण कार्य का भी भूमिपूजन किया। उद्यानिकी मंत्री कुशवाह ने विकास यात्रा के दौरान विभिन्न गाँवों में पहुँचकर ग्रामीणों से विस्तार से चर्चा की और उनकी समस्याओं को सुना। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण मौके पर किया जा सकता है उनका निराकरण किया गया तथा शेष के लिये निर्धारित समय-सीमा निर्धारित की गई। इस मौके पर विभिन्न जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## नैक मोक टीम के सदस्यों ने जीवाजी विवि के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया

**ग्वालियर।** राजयपाल द्वारा गठित नैक मोक टीम के सदस्यों ने जीवाजी विवि के विभिन्न विभागो का निरीक्षण किया। टीम में रानी दुर्गावती विवि इंदौर की प्रोफेसर डॉ. नम्रता शर्मा और जीवाजी विवि के प्रोफेसर डॉ. उमेश होलानी शामिल हैं। टीम ने सबसे पहले कुलपति प्रो. अविनाश तिवारी और रेक्टर प्रो. डी एन गोस्वामी से मुलाकात की। टीम सदस्यों ने सबसे पहले कुलसचिव डॉ. आर के बघेल. डी आर राजीव मिश्रा के साथ प्रशासनिक भवन का निरीक्षण किया और फिर इकोनॉमिक्स, पुरातत्त्व, इतिहास, राजनीती विज्ञान, डिस्टेंस, फ्रूड टेक्नोलोजी, पत्रकारिता, आजीवन विस्तार अध्ययनसाला, हॉस्टलस आदि विभागो का निरीक्षण किया और छोटी मोटी कमियों की ओर ईशारा किया। इस अवसर पर नैक निरीक्षण के कोऑर्डिनेटर प्रो. एस के गुप्ता, प्रो. विवेक बापट, प्रो. हेमंत शर्मा, प्रो एस एन महापात्रा, पीआरओ डॉ. विमलेन्द्र सिंह राठौड़, डॉ राजेंद्र खटीक, डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. एस के द्विवेदी, प्रो. जे एन गौतम, डॉ. सत्येंद्र सिकरवार,प्रो. आर ए शर्मा, प्रो. ए के सिंह सहित कई शिक्षक व अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## धारा-144ः रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

**ग्वालियर।** मध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा कक्षा-10वी व 12वी की बोर्ड परीक्षा तथा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में भी कक्षा-10वी व 12वी की परीक्षाएँ 15 फरवरी से 5 अप्रैल 2023 तक आयोजित की जा रही हैं। विद्यार्थियों के लिये परीक्षा की तैयारी हेतु अनुकूल वातावरण रखते हुए कोई व्यवधान उत्पन्न न होने की दृष्टि को देखते हुए जिला दण्डाधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के अंतर्गत रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक किसी प्रकार के लाउड स्पीकर, डीजे, बैंड, प्रेशर हॉर्न तथा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने के आदेश पारित किए हैं। जिला दण्डाधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने जारी आदेश में कहा है कि ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण की दृष्टि से यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। उक्त आदेश 5 अप्रैल तक प्रभावशील रहेगा। उक्त प्रभावशील अवधि में आदेश का उल्लंघन धारा-188 भारतीय दंड विधान के अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आयेगा।

## भाजपा ने गांव-गाव को बदहाल कर दिया: सुधांशु त्रिपाठी

**ग्वालियर।** ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभूदयाल जौहरे की अध्यक्षता एवं अ.भा. कांग्रेस कमेटी के सचिव ग्वालियर चंबल संभाग प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी के मुख्यातिथ्य एवं डबरा विधायक सुरेश राजे के आतिथ्य में हाथ से हाथ से जो?ो अभियान प्रारंभ किया गया। ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभूदयाल जौहरे ने ग्राम बिलौआ में घर-घर में दस्तक देते हुए कहा कि भाजपा ने गांव-गाव को बदहाल कर दिया है। बिजली कटौती, खेती के उपकरण महंगें और भाजपा के भूमाफियाओं ने गरीब किसानों की भूमि पर खेती करने के लिए दबंगाई प्रांरभ कर दी है। खेत खलियान पर भाजपा सरकार किसानों के साथ विश्वासघात कर रही है। कांग्रेस का हाथ से हाथ जो?ो अभियान किसानो के हित के लिए है। अ.भा. कांग्रेस कमेटी के महासचिव ग्वालियर चंबल संभाग प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस ने 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया। भाजपा ने किसानों को कर्जामाफी के नाम पर धोखा दिया है, किसान मजदूर अपनी लागत मूल्य भी वसूल नहीं कर पा रहे है, उपर से खाद्य बीजों की कीमत बड़ रही है। किसानों को एमएसपी की गारंटी नहीं दी जा रही है, कृषि क्षेत्र में किसानों को मप्र की कांग्रेस सरकार ने सिंचाई प्रबंधन, कृषि अध्यादेश लागू किया लेकिन भाजपा सरकार ने इस कानून को भी अमल में नही लाने दिया। डबरा विधायक सुरेष राजे ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में किसानों से कहा कि भाजपा विकास मे बाधक है । आज हर गांव विकास से अछूता है, किसानों को उनकी उपज के दाम मंडियां में नहीं मिल रहे है, केवल भाजपा बातों के बताशे बनाती है किसानों के साथ विश्वासघात करती है।



## शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शराब आहतों के लायसेंस निरस्त किए जायें: कांग्रेस

**ग्वालियर ।** मप्र आबकारी आयुक्त को भेजे एक पत्र में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने कहा कि मप्र सरकार द्वारा शराब के आहते बंद करने का निर्णय लिया गया है जिसका कड़ाई से पालन किया जाए। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में शराब के आहते चालू है उनके लायसेंस निरस्त किए जाए, छापा मारकर बंद कराए जायें क्योंकि शराब आहतों में भाजपा के शराब माफिया शामिल है। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने कहा कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में जितने भी शराब के आहते है उनकी सूची संबंधित थाने को दी जाए, संबंधित थानों को साथ लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में चलने वाले आहतों को बंद कराया जाए, सरकार के निर्णय के बाद भी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में आहते चालू है। आहतों को बंद कराने के लिए आबकारी विभाग और पुलिस को साथ मिलकर तत्काल निर्णायक कार्यवाही करें। विशेष रूप से अवैध शराब की बिक्री करने वालो को भी कानून के शिकंजे में लिया जाए, आज ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में अवैध शराब और स्मैक माफियाओं पर रोक लगाई जाए।

# महाराज बाड़े पर आधुनिकता के साथ पुरातत्व महत्व की जानकारी भी आम जनों को मिले: सिंधिया

**ग्वालियर।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के माध्यम से कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर ग्वालियर में कार्य किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से ग्वालियर विकसित शहरों की श्रेणी में अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा। स्मार्ट सिटी, अमृत परियोजना, नया हवाई अड्डा, एक हजार बिस्तर का अस्पताल, एलीवेटेड रोड़, मुरार नदी का जीर्णोद्धार जैसे अनेक कार्य धरातल पर हैं। इन सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया ने सोमवार को शहर विकास की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा है कि विकास के मामले में आधुनिकता को ध्यान में रखें, लेकिन हमारे शहर के पुरातत्व महत्व को भी उसमें समाहित किया जाए। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने स्मार्ट सिटी की समीक्षा करते हुए कहा है कि हमारे शहर का महाराज बाड़ा ऐतिहासिक बाड़ा है। यहाँ पर स्थित विभिन्न इमारतें अपनी अलग पहचान रखती हैं। इन सभी इमारतों के संरक्षण और संवर्धन के लिये कार्य किया जा रहा है। बाहर से आने वाले सैलानियों को इन ऐतिहासिक इमारतों का इतिहास भी मालूम पड़े, इसके लिये सभी ऐतिहासिक इमारतों के बाहर इस तरह का सिस्टम लगाया जाए जिसका बटन दबाते ही सैलानियों को उस इमारत के संबंध में सम्पूर्ण इतिहास और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही सभी इमारतों के बाहर एक शिलालेख पर सम्पूर्ण जानकारी के साथ स्थापित किया जाए। यह शिलालेख ग्वालियर स्टोन पर ही लगाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि महाराज बाड़े पर किए जा रहे सौंदर्यीकरण को देखते हुए जितने भी बिजली के तार हैं उन्हें अंडरग्राउण्ड किया जाए। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने यह भी निर्देशित किया है कि महाराज बाड़ा पर स्थापित सभी विद्युत पोल भी हैरीटेज लुक के लगाए जाएँ। आधुनिक विद्युत पोल सभी हटा दिए जाएँ। महाराज बाड़े पर स्थापित उद्यान को और व्यवस्थित एवं हरा-भरा बनाया जाए। पेडेस्टल जोन को भी अधिक से अधिक हरा-भरा किया जाए। बैठक में ग्वालियर शहर के प्रवेश स्थलों पर बनाए जा रहे आधुनिक प्रवेश द्वारों के कार्य की भी समीक्षा की गई। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि शहर के प्रवेश स्थलों पर निर्मित किए जा रहे प्रवेश द्वार पर भी उसकी थीम के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी अंकित कराई जाए, ताकि बाहर से आने वाले नागरिकों को इसके बारे में जानकारी मिल सके। स्मार्ट रोड़ की समीक्षा के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि स्मार्ट सिटी 31 मई 2023 तक हर हाल में कार्य पूर्ण करें ताकि इसका लोकार्पण किया जा सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि स्मार्ट रोड़ की आगामी रणनीति के लिये क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर एवं मंत्री द्वय प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं भारत सिंह कुशवाह के साथ बैठक कर आगामी रणनीति बनाई जाए। बैठक में बताया गया कि मुरार नदी के जीर्णोद्धार के लिये प्रथम चरण में 39 करोड़ रूपए स्वीकृत हुए हैं, जिनका कार्य किया जा रहा है। द्वितीय चरण की डीपीआर तैयार की जा रही है जो 70 करोड़ रूपए की है। इसके साथ ही एक हजार बिस्तर के निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है। चिकित्सकों एवं पैरामेडीकल स्टाफ की भर्ती के लिये प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है। इसके साथ ही चंबल नदी से पानी लाने की परियोजना तीन चरणों में 906 करोड़ रूपए की तैयार की गई है। प्रथम चरण में चंबल से ग्वालियर पानी लाना लागत 375 करोड़, वार्ड क्र.-1 से 60 तक पानी की लाईन एवं अन्य कार्य लागत 380 करोड़ तथा तृतीय है निगम के वार्ड-61 से 66 तक के लिये पेयजल की उपलब्धता लागत 150 करोड़ रूपए की योजना है। इसके लिये अमृत परियोजना-2 में 850 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कालीन पार्क की समीक्षा के दौरान कहा कि वर्ष 2019 में काम पूर्ण किया गया। 150 लूम स्थापित होने के बाद भी वर्तमान में कार्य संतोषजनक नहीं किया जा रहा है। ग्वालियर शहर के जितने भी कालीन निर्माण करने वाले लोग हैं उनके साथ एक बैठक आगामी दिनों में की जाएगी। इसके लिये संभागीय आयुक्त दीपक सिंह एवं कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह कालीन निर्माण के संबंध में कार्यरत लोगों से संवाद करें और संपूर्ण कार्य योजना तैयार करने का कार्य करें। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि स्मार्ट सिटी द्वारा ग्वालियर के शासकीय प्रेस में स्थापित किए जा रहे औद्योगिक म्यूजियम के निर्माण का कार्य तेजी के साथ पूर्ण किया जाए। इस म्यूजियम में ग्वालियर के औद्योगिक विकास की गाथा को भी बेहतर तरीके से प्रदर्शित किया जाना चाहिए। क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने भी कहा कि इस औद्योगिक म्यूजियम में स्व-सहायता समूह से जुड़ीं महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय के लिये भी स्थान उपलब्ध कराया जाना चाहिए। बैठक में लघु उद्योग निगम की अध्यक्ष इमरती देवी, बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा, मोहन सिंह राठौर, नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल, सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी, सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती नीतू माथुर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478